## जुन्नारदेव क्षेत्र में डब्ल्यूसीएल, पुलिस, खनिज, राजस्व की मिलीभगत से 8 घंटे चलता अवैध उत्खनन

# बंद ओपन कास्ट के बाजू में अवैध ईंट भट्टा बना कोयला चोरी का बड़ा अड्डा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया (साजिद खान)



परासिया जुन्नारदेव क्षेत्र के इकलहरा अंबाडा.बंद ओपन कास्ट खदानों के बाजू में खुलेआम चल रहा अवैध कोयला उत्खनन अब एक संगठित कोल माफिया तंत्र का रूप ले चुका है। अंबाड़ा मोहन कालरी के धाऊ एरिया में बंद पड़ी मुआरी खदान में प्रतिदिन घंटों तक अवैध उत्खनन चलता है, जिसके ठीक बगल में स्थित एक ईंट भट्टा इस पूरे गैरकानूनी कारोबार का प्रमुख केंद्र बना हुआ है।

### मौतें भी रोक नहीं पाईं अवैध उत्खनन

चौंकाने वाली बात यह है कि इसी स्थान के कुछ मीटर दूरी पर पिछले माह अवैध खनन के दौरान दो युवकों की मौत हुई थी। परंतु मौत भी कोल माफिया द्वारा संचालित इस नेटवर्क को रोक नहीं पायी। अवैध उत्खनन पहले जैसे ही जारी है, बल्कि मौत के बाद और तेज हो गया है।

### जहां ईंट पकनी चाहिए वहां पनप रहा है करोड़ों का काला कारोबार

आम तौर पर भट्टे में ईंट पकती है, लेकिन अंबाड़ा के इस भट्टे में ईंट नहीं, लाखों रुपए "पक" रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि इस अवैध कमाई का प्रसाद डब्ल्यूसीएल, खनिज विभाग, राजस्व विभाग सहित कई जिम्मेदारों तक पहुंचता है, इसलिए किसी विभाग ने इस भट्टे पर आज तक कार्रवाई करने की हिम्मत नहीं दिखाई।

### मिट्टी का धंसना, गैस का दबाव, टूटे–फूटे गैलरी

किसी भी समय मौत का कारण बन सकते हैं।जिस तरह दो युवाओं की मौत हाल ही में इसी क्षेत्र में हुई, वैसी त्रासदी किसी भी दिन दोहराई जा सकती है।

### डब्ल्यूसीएल की जमीन पर चल रहा भट्टा पर विभाग मौन

भट्टा डब्ल्यूसीएल की जमीन पर चल रहा है, लेकिन न खनिज विभाग, न राजस्व, न पुलिस किसी ने आज तक कोई कार्रवाई नहीं की।यह मौन सीधे–सीधे मिलीभगत की ओर इशारा करता है। यदि तुरंत कार्रवाई नहीं हुई तो किसी माँ की गोद फिर सूनी हो सकती हैबंद खदानों में अवैध उत्खनन बेहद जोखिम भरा होता है।

### 24 घंटे खुला रहता है रास्ता, बंद ओपन कास्ट में बेरोकटोक उत्खननस

·लोगों का कहना है कि बंद ओपन कास्ट के बिल्कुल बाजू में अवैध ईंट भट्टा रोजाना लगभग 8 घंटे तक चलाया जाता है। यही भट्टा आसपास की बंद खदानों की सुरक्षा को ध्वस्त कर रहा है।बंद खदानों के आसपास ट्रैक्टर–ट्रॉली और मजदूरों की आवाजाही बिल्कुल खुलेआम होती है।पिछले दो दिनों में 5 गाड़ियां (ट्रॉली/पिकअप) भरी कोयला इस भट्टे में सप्लाई किया जा चुका है।

### 20 लोगों की टीम खदान में उतरती है, कोयला सीधे भट्टे में खपाया जाता है

अविलिखित खनन में लगभग 20 लोगों की मजदूर टीम रोजाना खदान में घुसती है।निकाला गया सारा कोयला अवैध रूप इस भट्टे में ही खपाया जाता है, जहां ईंट की आड़ में यह काला कारोबार छिपा हुआ है।

## सांसद ने सोनी समाज भवन सहित अन्य कार्यों के लिए स्वीकृत किए 10 लाख रूपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा



सांसद बंटी विवेक साहू ने अपने मात्र डेढ़ वर्ष के कार्यकाल में ही छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले में करोड़ों के विकास कार्य स्वीकृत कराये जाकर प्रारंभ भी करवा दिए है। सांसद जहा केन्द्र एवं राज्य सरकार के सहयोग से दोनों जिलों में करोड़ों की राषि स्वीकृत करवा रहे है, वहीं अपनी सांसद निधि से भी दोनों जिलों में वर्षों से लंबित पड़ें विकास कार्यों के लिए भी राषि स्वीकृत कर रहे है। इसी श्रंखला में सांसद श्री साहू ने सामाजिक भवन और अन्य कार्यों के लिए अपनी सांसद निधि से 10 लाख की राषि स्वीकृत की है।

उल्लेखनीय है कि विगत दिनों जिला महाराष्ट्रीयन स्वर्णकार समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं सामाजिक बंधुओं द्वारा सांसद बंटी विवेक साहू से मुलाकात करते हुए उनके सामाजिक भवन के लिए राषि स्वीकृत करने की मांग की गई थी। जिसके आधार पर सांसद श्री साहू ने मंडल अध्यक्ष श्रीमती लीला बजोलिया की अनुषंसा एवं जिला महाराष्ट्रीयन स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष रामकुमार सोनी, सचिव भास्कर राव सोनी एवं कोषाध्यक्ष श्यामराव पोरगड़े की मांग पर सामाजिक भवन निर्माण के लिए 5 लाख की राषि स्वीकृत की है।

परासिया विधानसभा प्रभारी श्रीमती ज्योति डेहरिया एवं मंडल अध्यक्ष रामप्रसाद कुमरे की अनुषंसा पर ग्राम पंचायत कोठार में टीन शेड निर्माण के लिए 2 लाख की राषि स्वीकृत की है, वहीं पूर्व विधायक पंडित रमेंष दुबे और मंडल अध्यक्ष नीरज ठाकुर की अनुषंसा और ग्राम पंचायत चिखलीखुर्द की सरपंच श्रीमती अनुसुईया राजू वर्मा की मांग पर चिखलीखुर्द में कलामंच के अतिरिक्त कार्य के लिए 3 लाख की राषि स्वीकृत की है। उक्त राषि स्वीकृत किए जाने पर ग्राम पंचायत कोठार एवं ग्राम पंचायत चिखलीखुर्द के जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने सांसद बंटी विवेक साहू का आभार व्यक्त किया है।

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले 4 बीएलओ को एसडीएम अमरवाड़ा ने किया सम्मानित



**छिन्दवाड़ा।** भारत निर्वाचन आयोग के जारी कार्यक्रम के अनुसार मध्यप्रदेश में प्रत्येक मतदाताओं का सत्यापन कार्य कराया जा रहा है, छिन्दवाड़ा जिले की विधानसभा क्षेत्र 123-अमरवाड़ा में अंतिम तिथि 04 दिसम्बर के 13 दिवस पूर्व 6 मतदान केन्द्रों के बीएलओ द्वारा उत्कृष्ट कार्य करते हुए सत्यापन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। पूर्व में मतदान केन्द्र क्रमांक 259 बेरवन श्री जयराम उइके एवं 254 बान्द्राढाना के बीएलओ श्री देवीलाल डेहरिया को कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन द्वारा सम्मानित किया गया। आज मतदान केन्द्र क्रमांक 331 चारगांव श्री सुनील वर्मा, 321 थांवड़ीकला श्री राजेन्द्र प्रसाद भारती, 301 घुघरलाखुर्द श्री सुखभान उइके एवं 250 बगलामाल श्री पप्पूराव सोनी को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अमरवाड़ा श्री हेमकरण धुर्वे द्वारा सम्मानित किया गया।

## वन संरक्षक, वन मंडलाधिकारी एसडीओ की चल रही तानाशाही!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

**कलेक्टर के आदेश की अवेहलना करने की तैयारी में वन विभाग के तानाशाह अधिकारी**

छिंदवाड़ा-सिवनी वन वृत्त मे नही मिले अनुभूति कार्यक्रम हेतु युवा मास्टर ट्रेनर छिंदवाड़ा- अनेक युवा अनुभूति कार्यक्रम के मास्टर ट्रेनर है अधिकारीयो की तानाशाही के चलते युवा मास्टर ट्रेनर की अवेहलना इन अधिकारी ने कर डाली इन्हे अनुभूति कार्यक्रम मे मास्टर ट्रेनर हेतु आवेदन देने के बाद भी एक दिवस अनुभूति मास्टर ट्रेनर से वंचित कर दिया ये अफसर नही चाहते की कोई भी अशासकीय मास्टर ट्रेनर इनके 6 डिविजन मे बच्चो को अनुभूति कार्यक्रम मे ट्रेनरो की सहभागिता हो क्योकि इन्हे 120 बच्चो की जगह 50 बच्चे को इस अनुभूति करायेंगे सुबह जंगल मे 7 बजे बच्चो को दिसंबर माह मे अनुभूति कार्यक्रम कराने की तैयारी मे कलेक्टर के आदेश की अवेहलना की तैयारी मे है दो जगह का चार्ज होने के कारण कर रहे तानाशाही युवा उत्साही पर्यावरण को बचाने का काम करना चाहते है लेकिन पुराने एस डी ओ ने कान फूककर इनको तानाशाह बना दिया इन लोगो की काली करतूत का पर्दाफाश न हो जाए इसलिए इन युवाओ को अनुभूति कार्यक्रम वर्ष 2025-26 से दूर कर दिया । आवेदन देने के बाद भी नही भेजे अनुभूति की कार्यक्रम कार्यशाला मे नाम 6 डिविजन मे तानाशाही के चलते एक भी युवा उत्साही पर्यावरण प्रेमी का नाम नही इन सभी की बेज्जती कर लूटने का प्लान बना रहे है। दोहरे प्राभार मे छै वन मंडल मे 78 अनुभूति कार्यक्रम संपादित होना है जिसमे लगभग 70 लाख का रूपए खर्च होना है प्रत्येक अनुभूति कार्यक्रम मे 3000 की राशि अशासकीय मास्टर ट्रेनर को मानदेय दिया जाना था बडा खेद का विषय है इनके दोहरे प्राभार के 6 वन मंडलवन दो वृत्त मे एक भी उत्साही युवा मास्टर ट्रेनर पर्यावरण प्रेमी नही मिले इसके पहले छिंदवाड़ा- से अनेक मास्टर ट्रेनर ने प्रशिक्षण ले चुके है एवं प्रशिक्षण दे चुके है वन संरक्षक, वनमंडलाधिकारी, एस डी ओ की तानाशाही के चलते छिंदवाड़ा- के सभी अशासकीय मास्टर ट्रेनर मे आक्रोश है ।

## ग्राम पंचायत सालढाना के ग्राम मुकाखेडा.में किया गया बोरी बंधान



**छिन्दवाड़ा।** म.प्र. जन अभियान परिषद द्वारा जल संरक्षण कार्ययोजना के अन्तर्गत जिले के विकासखंड हर्रई की ग्राम पंचायत सालढाना के ग्राम मुकाखेडा. के समीप जल संरक्षण के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन के निर्देशानुसार म.प्र. जन अभियान परिषद जिला छिंदवाड़ा के जिला समन्वयक श्री अखिलेश जैन एवं ब्लाक समन्वयक हर्रई श्री आशीष नेमा के नेतृत्व एवं उपस्थिति में परामर्शदाता श्री अखिलेश इनवाती, श्री घनश्याम भलावी और एमएसडब्ल्यू, बीएसडब्ल्यू के छात्र-छात्राओं प्रभुदयाल कुर्रोची, नेमीराज उइके, अशोक मरकाम, पुष्पराज उइके, घनश्याम इनवाती, सुमन कुर्रोची, माखनलाल इनवाती, सूफी इनवाती, ओमप्रकाश धुर्वे द्वारा मूकाखेडा. में स्थित नाला के पानी को बचाने और वन जीव प्राणियों एवं पालतू पशुओं की सुविधा के लिए बोरी बंधान श्रमदान करते हुए बनाया गया।

## महापौर ने 10 करोड़ रुपए की लागत से 11 किमी. लंबी पाइपलाइन परियोजना का किया भूमिपूजन

**शहर वासियों की वर्षों पुरानी मांग अब होने जा रही पूरी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



कन्हरगाँव से भरतादेव तक पाइपलाइन कार्य का नगरपालिक निगम छिंदवाड़ा महापौर श्री विक्रम अहके ने भूमिपूजन किया। केंद्रीय सरकार की महत्वाकांक्षी अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत कन्हरगाँव से भरतादेव तक लगभग 10 करोड़ रुपए की लागत से होने वाले पाइप लाइन लगभग 11 किलोमीटर बिछाने के कार्य का भूमिपूजन आज विधिवत रूप से संपन्न हुआ।

यह परियोजना क्षेत्र में जल प्रदाय व्यवस्था को सुदृढ़ और बेहतर करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। कार्य का शुभारंभ कन्हरगाँव डैम परिसर से किया गया, जहाँ से लगभग ग्यारह किलोमीटर लंबी पाइपलाइन बिछाने का लक्ष्य रखा गया है। भूमिपूजन कार्यक्रम में नगरपालिक निगम छिंदवाड़ा महापौर श्री अहके मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उनके साथ जलप्रदाय विभाग की सभापति श्रीमती अरुणा मनोज कुशवाह, कार्यपालक यंत्री श्री हिमांशु अतुलकर, सहायक यंत्री श्री रोहित सूर्यवंशी, श्री धीरज राउत, श्री पंकज सूर्यवंशी, श्री कार्तिक वानखेड़े, श्री अंकित डेहरिया एवं क्षेत्र के अनेक किसान एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में मौजूद थे। महापौर श्री अहके ने अपने संबोधन में कहा कि यह पाइपलाइन परियोजना न सिर्फ जल आपूर्ति को बेहतर बनाएगी, बल्कि आने वाले वर्षों में क्षेत्र के विकास को भी नई नई दिशा देगी।

## उप संचालक पक्षवार ने किया छिंदवाड़ा पांढुर्णा के विकासखंडों का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



नंदीशाला योजना के अंतर्गत आज छिंदवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले के विकासखंड छिंदवाड़ा, परासिया, बिछुआ, चौरई एवं पांढुर्णा विकासखंड के किसान हितग्राहियों को उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ.एच.जी.एस.पक्षवार की उपस्थिति में नंदी सांड वितरित किये गये। योजना के अंतर्गत नंदी सांड की कुल लागत 25720 रूपये है, जिसमें शासन की योजना के अनुसार 75 प्रतिशत राशि 19290 रूपये का अनुदान एवं 25 प्रतिशत राशि 6430 रूपये हितग्राही का अंशदान होता है। किसानों द्वारा बताया गया कि यह योजना बहुत अच्छी है। इससे हमको काफी लाभ होता है। इस योजना का लाभ लेकर हम बहुत खुश है। किसान हितग्राहियों द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव को धन्यवाद प्रेषित किया गया। साथ ही उप संचालक पक्षवार के द्वारा योजना के अंतर्गत विकासखंड मोहखेड के श्री विजय माहोरे ग्राम कुकड़ाचिमन के बकरी पालन फार्म का निरीक्षण किया गया, जिसमें बकरी का शेड बकरियों की संख्या और बीमा एवं चैफ कटर चार बिन्दुओं पर सत्यापन किया गया। विकासखंड परासिया के श्री अनिल पवार ग्राम शीलादेही के बकरी पालन फार्म का निरीक्षण एवं विकासखंड अमरवाड़ा के श्री विजय चंद्रवंशी ग्राम खकरा चौरई के बकरी पालन फार्म का निरीक्षण कर योजनाओं का प्रचार किया गया।

### जनप्रतिनिधियों ने कहां ग्रामीणों और आदिवासियों के स्वास्थ्य की तरफ विशेष ध्यान दे रही मोदी सरकार

## प्रधानमंत्री की धरती आभा योजना से आदिवासियों की तकदीर बदली : कमलेश शाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की धरती आभा योजना ने आदिवासियों की तकदीर और तस्वीर बदलने का काम किया और आदिवासियों को सक्षम बनाया है । नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार और डॉ मोहन यादव के नेतृत्व वाली राज्य सरकार हमारे ग्रामीण और आदिवासी भाई बहनों के स्वास्थ्य का विशेष ख्याल रख रही है।

आदिवासी परिवारों को अपने स्वास्थ्य की जांच कराने ज्यादा दूर न जाना पड़े इसके लिए सुदूर आंचलिक क्षेत्रों में भी आयुष्मान आरोग्य मन्दिर बनाएं जा रहे हैं। यह बात विधायक राजा कमलेश शाह ने सांसद बंटी विवेक साहू द्वारा आयोजित 100 दिवसीय स्वास्थ्य व सेवा के स्वास्थ्य शिविरों की श्रृंखला में सिंगोडी मंडल के आदिवासी ग्राम नादौरी में आयोजित 67 वें स्वास्थ्य शिविर में अपने संबोधन के दौरान कही। उन्होंने सांसद का निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने पर आभार व्यक्त किया। इस दौरान भाजपा के पुर्व महामंत्री टीकाराम चंद्रवंशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं पर ध्यान केन्द्रित करने का नतीजा यह रहा कि ग्रामीणों और अनुसूचित जनजातियों के स्वास्थ्य की स्थिति में काफी सुधार हुआ है। प्रधानमंत्री ने "स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार" का नारा देकर पूरे देश में अभियान शुरू किया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता नितिन तिवारी ने शिविर में पहुंचकर वहां इलाज कराने आए मरीजों से चर्चा कर चिकित्सकों, पैरामेडिकल स्टाफ और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को उनका उचित इलाज कर सहयोग करने के निर्देश दिए।

### 448 मरीजों का हुआ उपचार और 07 को किया रेफर

मंडल अध्यक्ष सोनु सरसवार ने बताया कि शिविर के दौरान कुल 448 लोगों ने अपना पंजीयन कराया, जिसमें सभी के स्वास्थ्य का परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क दवाओं का वितरण किया गया वही 07 मरीजों को चिला चिकित्यालय छिन्दवाड़ा रेफर किया गया। इस स्वास्थ्य शिविरों में ईएनटी, नेत्र, मधुमेह, दंत जांच, कैंसर मुख, स्तन, ग्रीवा, गर्भवती महिलाओं के लिए प्रसव पूर्व जांच, टीकाकरण सेवाएं, एनीमिया का स्तर, टेलीमानस सुविधाएं, टीबी जांच, मातृ एवं शिशु सुरक्षा कार्ड, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, नामांकन, आयुष्मान वय वंदना, सिकल सेल कार्ड, आभा आईडी पंजीकरण सहित अन्य स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की गई।

### कार्यक्रम यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर विधायक श्री के साथ पूर्व जिला महामंत्री श्री टीकाराम चंद्रवंशी,जिला मंत्री एवं विधायक प्रतिनिधि श्री दीपक नेमा,पूर्व जिला मंत्री नितिन तिवारी,मंडल अध्यक्ष सोनू सरसवार,वरिष्ठ डॉ उमेश शर्मा,मुकेश सूर्यवंशी,पूर्व मंडल अध्यक्ष परसादी पटेल, बंटी परिहार, रामकिशोर साहू,मंडल उपाध्यक्ष बद्री पटेल,संजय सोनी-दीपक साहू,राजकुमार पटेल,महामंत्री राजेश कहार, आशकुमार परतेती,दर्शन युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अंकित जैन,मंत्री धीरज मालवी,दर्शन पटवा,पिंकू साहू,अनुराग शर्मा,युवा मोर्चा अध्यक्ष अनमोल बत्रा,रघुनाथ खोबरे,राजिक अंसारी,नंदोरी सरपंच श्रीमती रासो बाई लेखराम इवनाती,राजकुमारी नागेश,देवकी डेहरिया,सबनम बानो,नंदन पटेल,डॉ सुमित विश्वास,अमित राजपूत,ईश्वर पटेल,महेश धुर्वे,साबू पटेल,देवेंद्र साहू,राहुल मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में ग्राम बोरगांव में बीएलओ, सरपंच और वार्ड मेंबर की बैठक संपन्न

**पांढुर्णा।** विशेष गहन पुनरीक्षण के सम्बद्ध में ग्राम बोरगांव में बूथ लेवल ऑफिसर, सरपंच और वार्ड सदस्यों की बैठक संपन्न हुई। जिसमें ग्राम पंचायत अंतर्गत सभी मतदान केंद्रों में शत प्रतिशत मतदाताओं को गणना प्रपत्र भरने और वापसी के बारे में योजना तैयार की गई। जिसमें ग्राम में विभिन्न वार्डों में घर परिवर्तन कर रहने वाले मतदाताओं को गणना प्रपत्र भरने के लिए सम्बन्धित पूर्व पते के बूथ लेवल ऑफिसर से संपर्क करने के लिए चर्चा की गई। साथ ही कम प्रगति वाले बीएलओ को शीघ्रता से कार्य पूर्ण करने के लिये निर्देशित किया गया। ग्राम पंचायत बोरगांव में 6000 से अधिक मतदाता हैं जिनके गणना प्रपत्र भरने की कार्यवाही की जा रही है। बैठक में एसडीएम सौंसर, सरपंच बोरगांव और वार्ड मेंबर उपस्थित थे।

### कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने पांढुर्णा में प्रस्तावित गीता भवन निर्माण स्थल का किया निरीक्षण

**पांढुर्णा।** पांढुर्णा कलेक्टर श्री नीरज कुमार वशिष्ठ द्वारा नगरीय क्षेत्र पांढुर्णा में प्रस्तावित गीता भवन निर्माण स्थल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण से संबंधित विभिन्न बिंदुओं की जानकारी लेते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं सहायक यंत्री, नगर पालिका परिषद पांढुर्णा को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर श्री वशिष्ठ द्वारा दिए गए निर्देशों का उद्देश्य निर्माण कार्य को समयबद्ध, गुणवत्तायुक्त और योजनाबद्ध तरीके से पूर्ण कराना है, ताकि गीता भवन का निर्माण शीघ्र और मानक अनुसार पूरा हो सके।

### पांढुर्णा में विद्यार्थियों के अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट के लिये कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने ली महत्वपूर्ण बैठक

**पांढुर्णा।** पांढुर्णा जिले में विद्यार्थियों के आधार में जरूरी बायोमेट्रिक अपडेट एमबीयू पेंडेंसी को निल करने की एक्शन प्लान के संबंध में सांदिपनी विद्यालय पांढुर्णा में आज कलेक्टर श्री नीरज कुमार वशिष्ठ व्दारा विकासखंड पांढुर्णा के शासकीय एवं अशासकीय प्राचार्यों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें सभी विद्यार्थियों जिनकी उम्र 05 से 15 के मध्य है, उन्हें अपना एमबीयू कराना अनिवार्य है। जिससे वे किसी भी प्रतियोगिता परीक्षा या आधार संबंधी सुविधा से वंचित न रह पाये, जिसमे बी एम यू (बायो मेट्रिक अपडेट) में विद्यार्थियों के अनिवार्य बायोमैट्रिक अपडेट की पेंडेंसी को समाप्त करने के लिये शाला स्तर पर जहाँ 25 से अधिक छात्र/छात्राओं की पेंडेसी है उस शाला में कैम्प का आयोजन किया जायेगा। इस हेतु विकासखंड शिक्षा अधिकारी पांढुर्णा को निर्देशित किया गया। साथ ही कलेक्टर श्री वशिष्ठ व्दारा आधार एवं अन्य जानकारी को कैसे अपडेट कराना है सुविधा से संबंधी उदाहरणों से प्राचार्यो को अवगत कराया एवं सहायक प्रबंधक ई. गर्वनेंस श्रीमती टीना कडवे के व्दारा बी एम यू (बायो मैढिक अपडेट) की पी.पी.टी स्क्रीन पर दीखाकर प्राचार्यों को प्रशिक्षण दिया गया।

### मुस्कान विशेष अभियान॰ के तहत भंसाली स्कूल के छात्र-छात्राओं को किया गया जागरूक

**पांढुर्णा।** पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार 01 नवंबर 2025 से 30 नवंबर 2025 तक गुम नाबालिग बालक-बालिकाओं की पतासाजी एवं दस्तयाबी हेतु ॰मुस्कान विशेष अभियान॰ चलाया जा रहा है। इसी के तहत पुलिस अधीक्षक पांढुर्णा श्री सुन्दर सिंह कनेश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पांढुर्णा श्री नीरज कुमार सोनी के निर्देशन में प्रतिदिन मुस्कान अभियान आयोजित किया जा रहा है। इसी तारतम्य में जिला पांढुर्णा में आज को थाना लोधीखेडा अंतर्गत भंसाली स्कूल लोधीखेडा के छात्र-छात्राओं को ॰मुस्कान विशेष अभियान॰ के तहत गुम नाबालिक बालिकाओं की पतासाजी एवं दस्तयाबी, महिला संबंधी अपराधों की रोकथाम, सायबर अपराधों से बचाव, यातायात नियमों की जानकारी तथा नशे के दुष्परिणामों के संबंध में जागरूक किया गया। इसके अलावा डायल-112, गुड टच-बेड टच, बाल विवाह उन्मूलन, पास्को एक्ट, संविधान एवं कानून, महिला सुरक्षा एवं अन्य संबंधित विषयों की भी जानकारी विद्यार्थियों एवं शिक्षकगणों को दी गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पांढुर्णा श्री नीरज कुमार सोनी ने मुस्कान अभियान के मुख्य उद्देश्य के बारे में बताते हुए बालक-बालिकाओं एवं आम नागरिकों को पुलिस की सहायता लेने के लिए बेझिझक होने की समझाईश दी। कार्यक्रम में सायबर फ्रॉड से बचाव, अनजानी लिंक पर क्लिक न करने और ओटीपी साझा न करने के बारे में भी विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। साथ ही नशा मुक्ति, महिलाओं का सम्मान, उनके अधिकार, करियर संबंधी जानकारी एवं शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न लाभकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।

### पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की बैठक सम्पन्न

**पांढुर्णा।** आज जनपद पंचायत पांढुर्णा और सौंसर जनपद में सीईओ जिला पंचायत श्री अग्रिम कुमार की अध्यक्षता में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की बैठक ली गई। बैठक में मनरेगा योजना अंतर्गत जिन सचिव का लेबर बजट कम है, उन्हें अपनी-अपनी ग्राम पंचायत का लेबर बजट को उपलब्धि हासिल करने के निर्देश दिए गए। आवास योजना के अंतर्गत एक सप्ताह में ग्राम पंचायतों के लंबित आवास को पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए। साथ ही आदरणीय सीईओ श्री अग्रिम कुमार के अथक प्रयास से शुरू की गई वॉश ऑन व्हील्स सेवा में सभी सचिवों का अपनी-अपनी ग्राम पंचायतों के लिए सहयोग सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया, जिससे जनपद स्तरीय बनाए गए सामुदायिक स्वच्छता परिसर और व्यक्तिगत शौचालय की सफाई स्वच्छता साथियों द्वारा की जा सके। आज की बैठक में आवास और मनरेगा के कार्यों की समीक्षा की गई। साथ ही ग्राम पंचायतों में नल-जल और अन्य कर वसूली के लिए अभियान चलाने के निर्देश भी दिए गए। आवास में 25 प्रतिशत से कम प्रगति वाले सचिव को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। साथ ही यह भी निर्देश दिए गए कि आवास के लिए गरीबों को मटेरियल भी सस्ते दामों में उपलब्ध कराया जाए। बैठक में समस्त सचिव, रोजगार सहायक, पीसीओ, बीपीओ, सीईओ जनपद श्रीमती बंदू सूर्यवंशी और ब्लॉक कोऑर्डिनेटर श्री चंद्रशेखर ढोने उपस्थित थे।

### उप संचालक पक्षवार ने किया छिंदवाड़ा पांढुर्णा के विकासखंडों का भ्रमण

**पांढुर्णा।** नंदीशाला योजना के अंतर्गत आज छिंदवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले के विकासखंड छिंदवाड़ा, परासिया, बिछुआ, चौरई एवं पांढुर्णा विकासखंड के किसान हितग्राहियों को उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ.एच.जी.एस.पक्षवार की उपस्थिति में नंदी सांड वितरित किये गये। योजना के अंतर्गत नंदी सांड की कुल लागत 25720 रूपये है, जिसमें शासन की योजना के अनुसार 75 प्रतिशत राशि 19290 रूपये का अनुदान एवं 25 प्रतिशत राशि 6430 रूपये हितग्राही का अंशदान होता है। किसानों द्वारा बताया गया कि यह योजना बहुत अच्छी है। इससे हमको काफी लाभ होता है। इस योजना का लाभ लेकर हम बहुत खुश है। किसान हितग्राहियों द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव को धन्यवाद प्रेषित किया गया। साथ ही उप संचालक पक्षवार के द्वारा योजना के अंतर्गत विकासखंड मोहखेड के श्री विजय माहोरे ग्राम कुकड़ाचिमन के बकरी पालन फार्म का निरीक्षण किया गया, जिसमें बकरी का शेड बकरियों की संख्या और बीमा एवं चैफ कटर चार बिन्दुओं पर सत्यापन किया गया। विकासखंड परासिया के श्री अनिल पवार ग्राम शीलादेही के बकरी पालन फार्म का निरीक्षण एवं विकासखंड अमरवाड़ा के श्री विजय चंद्रवंशी ग्राम खकरा चौरई के बकरी पालन फार्म का निरीक्षण कर योजनाओं का प्रचार किया गया, जिससे पशुपालकों को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाया जा सकें।

### एसआईआर के अंतर्गत कम समय में 100 % डिजिटाइजेशन का कार्य करने वाले उत्कृष्ट बीएलओ की संख्या हुई 26

**छिन्दवाड़ा।** जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र परासिया के मतदान केंद्र क्रमांक - 220 सेतपरास के बीएलओ शिक्षक श्री सुखमान बरकड़े, मतदान केंद्र क्रमांक -221 चोपनटेकड़ी के बीएलओ शिक्षक श्री कैलाश राव घोपड़े, मतदान केंद्र क्रमांक -197 रिधोरा रैयतवाड़ी के बीएलओ शिक्षक श्री कृष्णा पवार व मतदान केंद्र क्रमांक -198 छाबड़ीकला के बीएलओ शिक्षक श्री भजनलाल पवार, विधानसभा क्षेत्र चौरई के मतदान केंद्र क्रमांक - 241 गुंजीदावामी के बीएलओ श्री मनोज सांभारे, मतदान केंद्र क्रमांक -63 मोआरी के बीएलओ श्री संतोष गोस्वामी व मतदान केंद्र क्रमांक - 85 मोहगांवखुर्द के बीएलओ श्री अभिधेश मोहोबिया, विधानसभा क्षेत्र जुन्नारदेव के मतदान केंद्र क्रमांक -100 मारेगांव की बीएलओ शिक्षिका श्रीमती अनीता पटले, विधानसभा क्षेत्र अमरवाड़ा के मतदान केंद्र क्रमांक -120 घोघरी के बीएलओ शिक्षक श्री नरेन्द्र यादव, मतदान केंद्र क्रमांक -301 घुघरला खुर्द के बीएलओ शिक्षक श्री सुखभान उइके, मतदान केंद्र क्रमांक -250 बगलामाल के बीएलओ शिक्षक श्री पप्पू राव सोनी व मतदान केंद्र क्रमांक -321 थावड़ीकला के बीएलओ शिक्षक श्री राजेन्द्र प्रसाद भारती ने भी गणना फॉर्म के डिजिटाइजेशन का कार्य 100 प्रतिशत पूर्ण कर लिया है। उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री हरेंद्र नारायन के मार्गदर्शन में जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य प्रगति पर है। अभी तक जिले के 12 लाख 25 हजार 929 मतदाताओं को बीएलओ के माध्यम से गणना फॉर्म का वितरण किया जा चुका है। अब अभियान रूप में भरे हुए गणना फॉर्म कलेक्शन का कार्य जारी है । मतदाताओं से गणना फॉर्म प्राप्त करने के बाद बीएलओ द्वारा ऐप के माध्यम से इनका डिजिटाइजेशन का कार्य किया जा रहा है।

## पूर्व सांसद नकुलनाथ की उपस्थिति में होगी किसान आक्रोश रैली

# किसानों की समस्याओं को पूरा करने भाजपा निकाले पदयात्रा: विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर

**आगामी 28 नवम्बर को सौसर में होने वाले किसान आक्रोश रैली की जानकारी किसानों ग्रामीणों तक पहुचाने को लेकर कांग्रेस नेता गांव गांव में जाकर जनसंपर्क अभियान कर रहे हैं, शनिवार को कांग्रेस नेताओं ने जनसंपर्क अभियान ग्राम देवी से शुरू किया है।**

इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने किसानों की समस्याओ, भाजपा सरकार की किसान विरोधी नीतियो लेकर प्रशासन भाजपा नेताओ को जमकर आड़े हाथों लिया है। रैली ग्राम खेरीबड़ोसा, बग्गू बिछुआ, उतेकाटा,घोटी वेरागड, सवरर्णि, सापर रंगारी ठोका, महदी मोगरा, रझाडी बोरगाव आदि गावो में भर्मण कर किसानों को आक्रोश रैली में उपस्थित होने की अपील की। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डॉ राजेंद्र यमदे ने बताया की मक्का,कपास को भाव नही मिल रहा है।किसानों की समस्याओं का समाधान नही हो रहा है, किसानों को उनके फसलों का उचित भाव मिले इस उदेश को लेकर 28 नवंबर को सौसर में आक्रोश रैली एवं बाजार चौकी जनसभा का आयोजन किया जा रहा है। ग्राम देवी,बग्गू बिछुआ में नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए विधायक विजय चौरे ने कहा की भाजपा नेताओं के।द्वारा आए दिन पदयात्रा निकाली जा रही है।परंतु किसानों के लिए कपास मक्के को भाव मिले इसके लिए कोई पदयात्रा नहीं निकली जा रही है। भाजपा नेताओं ने सबसे पहले किसानो की समस्याओ के लिए क्षेत्र में पदयात्रा निकालनी चाहिए। क्योकि किसान देश का अन्नदाता है,भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है,परंतु भाजपा की किसान विरोधी नीतियों ने किसानों को उसकी फसल का भाव नही दिया जा रहा है। आंदोलन में पार्टी का न होकर किसानों क्षेत्र का आंदोलन है। यह आंदोलन यहीं खत्म होने वाला नहीं हैकिसानो की समस्याओं को लेकर विधानसभा में भी प्रश्न करने वाला हु। इस दौरान पुनाराम बाविस्टाले, विलास जोगी, विट्ठलराव गायकवाड़, पूर्व सरपंच विवेक महाजन,सरपंच नितेश ठाकरे, सरपंच प्रमोद पातुरकर, प्रशांत महाले, दिलीप गुरुवे, आदि थे।



## एचपी रसोई गैस की भारी किल्लत, 15-20 दिनों से इंतजार कर रहे उपभोक्ता

**पांढुर्ना।** इन दिनों एच.पी. रसोई गैस सिलेंडर आपूर्ति पूरी तरह लड़खड़ा गई है। उपभोक्ता एजेंसी के चक्कर काट-काट कर परेशान है लेकिन रसोई गैस का रिफिल सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है। उपभोक्तओं के अनुसार बीते लगभग एक माह से एच.पी. रसोई गैस की आपूर्ति व्यवस्था बुरी तरह चरमरा गई है। इसलिए जरूरतमंद उपभोक्ताओं को नंबर लगाने के बाद भी समय पर रसोई गैस नहीं मिल रही है। कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी जितेंद्र शिल्पी ने इस विषय पर चर्चा के दौरान कहा कि एच.पी. गैस के रिफिलिंग प्लांट में कुछ समस्या आने के कारण यह समस्या पैदा हुई है। आने वाले कुछ ही दिनों में स्थिति सामान्य हो जाएगी। आज पारडी रोड पर सरस्वती शिशु मंदिर के पास सडक किनारे एच.पी. गैस एजेंसी का वाहन खडे होकर उपभोक्ताओं को सिलेंडर वितरीत कर रहा था। इस दौरान शंकरराव घाटोडे, मोहम्मद साजिद, सुमित्राबाई शर्मा, कुंवर परिहार, बाबुराव सातपुते, चंद्राबाई टोपले, प्रदीप बांबल, संजय पुरी तथा मोहन भास्कर ने बताया कि उन्होंने काफी पहले ही विधिवत रसोई गैस का नंबर लगा दिया है लेकिन आज तक उन्हें आपूर्ति नहीं की गई। लोगों का कहना है कि इसलिए आज यहां सिलेंडर ले जाने के लिए आए है पता नहीं आज भी मिलता है या नहीं ? यहां एकत्र लोगों ने बताया कि वे 10, 12, 15 और 20 दिनों से रसोई गैस मिलने का इंतजार कर रहे है।



## बिरसा मुंडा की जयंती पर उनकी जीवन गाथा पर डाला प्रकाश



**दमुआ।** ओम कला केंद्र की प्रशिक्षण प्रभारी इशरत अफसर मंसूरी के द्वारा आदिवासी बालक छात्रावास नंदन में 14 नवंबर बाल दिवस एवं बिरसा मुंडा भगवान की 150वी जन्म जयंती की जीवन गाथा पर प्रकाश डाला गया एवं छात्रावास मे आदिवासी छात्रों को प्रसाद स्वरूप चाकलेट एवं शिक्षा से संबंधित उपहार दिये गये एवं बाल दिवस के उपलक्ष में चाचा नेहरू और बच्चों के शिक्षा एवं आपसे प्रेम और भाईचारा की जानकारी से बच्चों को अवगत किया गया कार्यक्रम में उपस्थित छात्रावास के समस्त छात्राएं एवं वार्डन फिरोज खान एवं राम भाऊ उपस्थित थे,कार्यक्रम का संबोधन ओम कला केंद्र की प्रशिक्षण प्रभारी श्रीमती इशरत मंसूरी जी और सहायिका कुमारी मोनिका , श्रीमती रूक्मणी जी के द्वारा किया गया ।

## सौंसर में कलेक्टर ने ली प्राचार्या की समीक्षा बैठक



**सौसर।** सांदीपनि विद्यालय सौसर में बायोमेट्रिक अपडेशन प्रशिक्षण एवं प्राचार्य समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रमुखता से पांढुर्णा जिला कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ,एसडीएम सिद्धार्थ पटेल,नोडल सहायक संचालक कु. रश्मि कुसरे,,टीना ढोबले प्राचार्य श्रीमती शैलजा बत्रा उपप्राचार्य संजय गवनेकर आदि थे।कलेक्टर श्री वशिष्ट ने बायोमेट्रिक अपडेशन की महत्ता, यू डाइस पोर्टल से लंबित बायो मेट्रिक अपडेशन की सूची कैसे निकाले और आगामी समय में आयोजित होने वाले संस्थावार शिविरों की जानकारी प्राचार्यो को दी। बच्चों के आधार में बायो मेट्रिक अपडेशन किया जाना है,जिनकी आयु 5 वर्ष से 17 वर्ष है।यह अपडेशन कार्य संस्थाओं में लगाये जा रहे कैम्प में निशुल्क किया जाएगा। इस दौरान आधार में बायो मेट्रिक अपडेशन का कार्य आगामी 45 दिनों में पूर्ण करने के निर्देश प्राचार्यो को दिए गए । नोडल अधिकारी टीना ढोबले ने पावर पॉइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से संपूर्ण प्रक्रिया से प्राचार्यो को अवगत कराया गया,समीक्षा बैठक में सहायक संचालक रश्मि कुसरे ने प्राचार्यो को दिशा निर्देश दीये।

## छात्रों के बायोमेट्रिक अपडेट पेंडेंसी नील करें- कलेक्टर



**पांढुर्ना।** आज स्थानीय सांदीपनी विद्यालय में बायोमेट्रिक अपडेट पेंडेंसी को लेकर विकासखंड पांढुर्ना शासकीय एवं अशासकीय प्राचार्य की बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ द्वारा बताया गया कि जिन छात्र छात्राओं की आयु 5 से 15 वर्ष के बीच है उनका बायोमेट्रिक अपडेशन किया जाना अनिवार्य है। इस अपडेशन के अभाव में छात्र छात्राएं किसी प्रतियोगी परीक्षा या आधार संबंधी सुविधाओं से वंचित हो सकते है। छात्र छात्राओं की बायोमेट्रिक अपडेट पेंडेंसी को समाप्त करने के उद्देश्य कलेक्टर महोदय ने निर्देश जारी किए है कि जिन शालाओं में 25 से अधिक छात्र छात्राओं की पेंडेंसी है वहां विशेष कैंप लगाए जाए। विशेष कैंप के आयोजन और बायोमेट्रिक पेंडेंसी को समाप्त किए जाने के लिए कलेक्टर महोदय ने विकासखंड शिक्षाधिकारी को निर्देशित किया है। बैठक में कलेक्टर महोदय ने उदारण देते हुए यह जानकारी कैसे अपडेट किया जाना है इसके बारे में बताया। सहा. ई गवर्नेंस टीना कडवे ने पीपीटी स्क्रीन पर अपडेशन का प्रशिक्षण दिया। इस बैठक में सांदीपनी शाला प्राचार्य सी. बरेठ, बीईओ एचबी हांडे, प्रा. एसके मलिक तथा प्रा. वैशाली सोमकुंवर उपस्थित थे।

## नपा ने हटाया बस स्टैंड परिसर का अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

आज नगरपालिका की टीम ने स्थानीय बस स्टैंड परिसर के भीतर स्थित दुकानों के सामने के अस्थाई अतिक्रमण हटाने दूकानदारों को प्रेरित किया। अतिक्रमण हटाओ अभियान दल बल सहित बस स्टैंड पहुंचा तब लोगों ने पहले ही अपने अपने दुकानों के सामने रखी टेबल, कुर्सियां, बडे वाहन और अन्य सामान पहले ही हटा लिया था। नगरपालिका के दल को कुछ जादा मशक्कत नहीं करनी पडी। इस अभियान में सीएमओ आर.के. इवनाती, थाना प्रभारी अजय मरकाम, ना. तहसीलदार तीरथलाल इरपाची, यातायात प्रभारी आकांक्षा सहारे, युवराज मरसकोले, नपा के स्वच्छता निरीक्षक संजय कडवे तथा रवि चौधरी के अलावा अनेक मौजूद रहे। दल ने सार्वजनिक शौचालय के ठीक सामने स्थित 2-3 अस्थाई खोमचों को जरूर हटा दिया। ज्ञात हो कि सार्वजनिक शौचालय के मुख्य द्वार के ठीक सामने कुछ लोगों द्वारा कब्जा कर लेने के कारण महिलाओं और पुरूषों को सुलभ शौचालय तक जाने आने में भारी कठिनाई होती थी। नगरपालिका के दल ने आज सुलभ शौचालय में प्रवेश के लिए रखा गया दूसरा द्वार भी आवाजाही के शुरू कर दिया। जहां पहले एक ही द्वार था अब दूसरा विकल्प मिलने के कारण यात्रियों को अधिक सुविधा मिल गई है।



### स्वास्थ्य शिविर में पहुंचे बड़ी संख्या में मरीज, निशुल्क जांच कर दवा की गई वितरित



**सिंगोड़ी:** सिंगोड़ी के समीप ग्राम नंदोरी में जिले के सांसद द्वारा शुरू किया गया। सौ दिन निरंतर सेवा संकल्प और स्वास्थ्य के अंतर्गत शनिवार को 67 वा स्वास्थ शिविर आयोजित हुआ। इस दौरान अमरवाड़ा विधायक सहित दर्जनों जनप्रतिनिधि और भारी संख्या में स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे। स्वास्थ्य शिविर के दौरान मुख्य अतिथि अमरवाड़ा विधायक कुंवर कमलेश शाह ने अपने संबोधन में कहा की भाजपा सरकार अंतिम छोर में बैठे एक एक नागरिक से लेकर गांव शहर में रहने वालों के लिए बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया करवा रही है ताकि देश के हर इंसान को इलाज आसानी से मिल सके। वही श्री शाह ने आगे कहा कि मै सांसद विवेक बंटी साहू का आभार व्यक्त करता हू जो लगातार छोटे छोटे गावों में बड़े बड़े स्वस्थ शिविर आयोजित करवा रहे है ताकि जिले वासियों को गांव में छोटी बड़ी बीमारियों इलाज मिल सके। इस शिविर में 448 मरीजों ने करीब अस्सी स्वास्थ्य कर्मियों से स्वास्थ्य लाभ लिया जिसमे निशुल्क जांच और दवा शामिल है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से टीकाराम चंद्रवंशी, डा उमेश शर्मा, सोनू सरसवार दीपक नेमा अनमोल बत्रा धीरज मालवी आसकुमार परतेती राजेश कहार राजिक अंसारी राजकुमारी नागेश रघुनाथ खोबरे शगुन परतेती राकेश वर्मा सहित सिंगोड़ी भाजपा मंडल के सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल थे।

## वीर शहीद आशीष शर्मा को नागरिकों ने दी मौन श्रद्धांजली



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

छत्तीसगढ़ में माओवादी नक्सलियों से हुई मुठभेड़ में वीरगति को प्राप्त हुए मध्यप्रदेश हॉक फोर्स के निरीक्षक वीर सपूत स्वर्गीय आशीष शर्मा को वारासिवनी नगर के जय स्तम्भ चौक में नागरिकों द्वारा श्रद्धांजली अर्पित की गई। इस मौके पर नागरिकों द्वारा जय स्तम्भ चौक में मोमबत्ती जलाकर दो मिनट का मौन धारण कर वीर शहीद आशीष शर्मा को भावभीनी श्रद्धांजली दी गई। इस अवसर पर पूर्व विधायक प्रदीप जायसवाल, शैलेन्द्र सेठी, राहुल प्रियंका गॉधी विचार मंच जिलाध्यक्ष जावेद अली, प्रदीप शरणागत, पार्षद संदीप मिश्रा, पार्षद मोनू लिमजे, वेद प्रकाश पटेल, प्रवीण रूसिया, अनीस बेग, राहुल अरोरा, सौरभ पटेल, अमन पटेल, बिट्टू पारधी, सुशील शर्मा, जग्गी निराला, चिंटू जैन, राजेश कोलते, परमेंद्र हेड़ाऊ, मनोज दांदरे, जगदीश नेमा, अमन खोसला, हरीश जैरथ, सुभाष जैरथ, मिथुन बुरडे, लोकेश ठाकरे, राजू गोयल, प्रबल जायसवाल, शिवम मिश्रा, दिव्यांश बिसेन, सत्यम शर्मा एवं सभी गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## सोनपुरी ग्राम पंचायत में मजदूरों को करीब एक साल से नहीं मिली मजदूरी

**हरिभूमि न्यूज उकवा।** जनपद पंचायत बैहर के अंतर्गत ग्राम पंचायत सोनपुरी में लगभग 8 लाख रुपए की लागत से बने स्टाप डेम जिसकी मजदूरी मजदूरों को आज दिनांक तक नहीं मिली सोनपुरी पंचायत के ग्राम कंचन टोला के वार्ड क्रमांक 15 में स्टॉप डैम का काम करने वाले दिहाडी मजदूरों ने जानकारी देते हुए बताया कि दिसंबर 2024 में स्टॉप डैम का निर्माण कर शुरू किया गया था जिसमें ग्राम नारंगी एवं कंचन टोला के मजदूरों ने काम किया था निर्माण एजेंसी ग्राम पंचायत सोनपुरी ठेकेदार संजीव अग्रवाल उर्फ भूरू सेठ उकवा पेटी कॉन्टैक्टर बबलू गजभिए सोनपुरी एवं अंकुर गोस्वामी हुड्डी टोला के द्वारा मजदूरों से काम कराया गया था जिसका भुगतान आज दिनांक तक नहीं किया गया है पत्रकार आनंद गोदरे ने मजदूरों के साथ जब मौके पर जाकर स्टॉप डैम का निरीक्षण किया और मजदूरों ने जो बताया सुनकर आप भी दंग रह जाएंगे अनियमितताओं की भेंट चढ़ा ये मजाकिया डैम अपने ऊपर किए गए भ्रष्टाचार को रो-रो कर बया कर रहा है । भ्रष्टाचार करने वाले और भ्रष्टाचार की पूरी कहानी अगले अंक में । यहां काम करने वाले मजदुर बेल सिंह मर्सकोले निवासी कंचन टोला मजदूरी 44 दिन और रोजी दी गई सिर्फ एक सप्ताह की इसी तरह लीलावती मर्सकोले अंकिता मर्सकोले अनीता मर्सकोले प्रमिला परते सोमवती इनवाती शशि कला सहारे सुखमन परते कविता मर्सकोले लक्ष्मीबाई मर्सकोले अनीता नेवारे एवं विजय मर्सकोले सभी निवासी कंचन टोला जिनको सिर्फ एक सप्ताह की मजदूरी दी गई वह भी नगद हाथ में जबकि नियम अनुसार उनकी मजदूरी उनके बैंक खाते में आनी चाहिए थी जबकि मजदूरों से आधार कार्ड बैंक पासबुक की छाया प्रति बाकायदा ली गई थी ।एक मजदूर के द्वारा 181 सीएम हेल्पलाइन में शिकायत 15 नवंबर को की गई है एवं सभी मजदूरों के द्वारा एक-एक कर 181 मे शिकायत की जा रही है मजदूर शिकायतकर्ता की शिकायत क्रमांक 367108 पर कार्यवाही के बारे में पूछा गया तो सीएम हेल्पलाइन के द्वारा बताया गया कि शिकायतकर्ता की शिकायत पर कार्यवाही की जा रही है जल्द ही शिकायतकर्ता की समस्या का समाधान कर दिया जाएगा । अगले अंक में पढ़िए ग्राम पंचायत सोनपुरी डैम की भ्रष्टाचार से भरी पूरी कहानी।



### जैव विविधता पर 25 नवंबर को जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

**बालाघाट।** मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड भोपाल एवं वन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में 25 नवंबर को शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बालाघाट में जिला स्तरीय क्विज कार्यक्रम (ऑफलाईन) का आयोजन किया जा रहा है। मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता क्विज कार्यक्रम 2025 के जारी दिशा निर्देश अनुसार जिला स्तर पर विद्यालयीन टीमों के पंजीयन की कार्यवाही दिनांक 12 नवंबर 2025 से प्रारंभ की गई है, जो 24 नवंबर 2025 तक चलेगी । पंजीयन कराने वाले विद्यालयों की टीमों के बीच 25 नवंबर 2025 को जिला स्तर पर क्विज कार्यक्रम का आयोजन उत्कृष्ट विद्यालय बालाघाट में किया जाएगा । कार्यक्रम में विद्यालय स्तर पर चयनित 100 विद्यालयीन टीमो का पंजीयन एवं प्रत्येक टीप में 03 विद्यार्थीयों की क्विज प्रतियोगिता का आयोजन वनमण्डलाधिकारी दक्षिण सा. वनमण्डल बालाघाट एवं जिला शिक्षा अधिकारी बालाघाट के मार्गदर्शन में किया जाना है। इस कार्यक्रम की नोडल अधिकारी एवं उप वनमंडलाधिकारी सुश्री विनीता ब्रम्हे ने बताया कि जैवविविधता धरोहर एवं प्राकृतिक संसाधनो के संरक्षण के प्रति युवा और छात्र-छात्राओं को जागरुक करने व प्रतिभागियो को जैवविविधता, जलवायु परिवर्तन तथा पर्यावरण आदि विषय के संबंध में ज्ञान वर्धन करने के उद्देश्य से म.प्र. राज्य जैवविविधता क्विज का आयोजन किया जाता है। इस प्रतियोगिता में शासकीय, अशासकीय हाईस्कूल तथा हायर सेकेण्डरी विद्यालयों की टीमो द्वारा सहभागिता की जावेगी। जिसमें प्रत्येक विद्यालय से चयनित 03 विद्यार्थियों द्वारा भाग लिया जावेगा। 25 नवंबर को आयोजित इस क्विज प्रतियोगिता में जिला स्तर पर प्रथम 03 टीमो का चयन राज्य स्तर की प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा।

### राज्य स्तरीय पुरुष बास्केटबॉल प्रतियोगिता में मधुर का चयन

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी खेल कैलेंडर 2025-26 अनुसार राज्य स्तरीय पुरुष बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन शारीरिक शिक्षा अध्ययनशाला जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर में 21 नवम्बर 2025 से प्रारंभ हुआ है। जिसमें भाग लेने हेतु शासकीय शंकर साव पटेल महाविद्यालय वारासिवनी के छात्र मधुर डोंगरे एम ए प्रथम वर्ष पिता गोवेर्धन डोंगरे का चयन हुआ हैं। ज्ञात हो कि मधुर का चयन संभाग स्तरीय पुरुष बास्केटबॉल छिंदवाड़ा में उच्च प्रदर्शन के आधार पर किया गया हैं। राज्य स्तर पर महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व करना गर्व का विषय है। मधुर के चयन पर महाविद्यालय जनभागीदारी समिति अध्यक्ष प्रफुल्ल बिसेन व महाविद्यालय प्रभारी प्राचार्य डॉ एस एस गेड़ाम, क्रीड़ा अधिकारी विकास साहू, क्रीड़ा समिति के समस्त सदस्यगण, समस्त प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, नियमित कार्यालयीन कर्मचारी गण, अतिथि विद्वान, जन भागीदारी शिक्षक व कर्मी, आउटसोर्स कर्मी ने बधाइयां प्रेषित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।



## वार्ड क्रमांक 28 में गंदगी का साम्राज्य, पार्षद का नहीं है ध्यान

# पक्की नालियां नहीं होने से रोड पर बह रहा गंदा पानी, वार्डवासी परेशान

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** नगर के वार्ड क्रमांक 28 स्नेह नगर में पक्की नाली निर्माण न होने के कारण जल निकासी अवरुद्ध है। इससे गंदा पानी रास्ते पर बह रहा है, जिससे आवागमन करने वालों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आवागमन के लिए लोगों को दूसरे रास्ते का सहारा लेना पड़ रहा है। पानी से बदबू आने से लोगों को संक्रामक बीमारियों का भय सता रहा है। इससे लोगों में रोष गहराता जा रहा है। बीते कुछ समय पूर्व सीसी सड़क का निर्माण कराया गया था, लेकिन नालियों का निर्माण नहीं कराया गया। जिसके कारण ठीक तरीके से पानी की निकासी नहीं हो पा रही है। महीनों से नाली जाम है इससे गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। वार्डवासियों ने बताया कि सड़क पर गंदा पानी जमा होने से आवागमन ने दुश्वारियों का सामना करना पड़ रहा है। जिनको गंतव्य तक जाने के लिए सिर्फ इसी मार्ग का सहारा है, वे गंदे पानी के बीच से आने-जाने को विवश हैं। पानी से बदबू आने से संक्रामक बीमारियों का भय सता रहा है। इस संबंध में वार्ड पार्षद को भी कई बार अवगत कराने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं कराया गया। इससे हम लोग परेशानी झेलने के लिए विवश हैं।

**बार-बार बंद हो जाती है स्ट्रीट लाईट:** वार्ड के लोगों ने बताया की नाली की समस्या के साथ-साथ यहां खंभो में लगी स्ट्रीट लाइट भी कई बार खराब हो जाती है जिससे आसामाजिक तत्वों का डेरा जमा रहता है। वार्ड के उक्त मार्ग से रोजाना सैकड़ों की संख्या में लोगों का आवागमन होता है। स्कूली बच्चें और बुजुर्ग इस मार्ग से चलने में खासे परेशान होते है परंतु वार्ड के जिम्मेदार इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। नगर पालिका द्वारा खंभो में जो स्ट्रीट लाईट लगाई जाती है वह मुश्किल से महीना भर चलने के बाद बंद हो जाती है जिससे वार्ड के मुख्य मार्ग में अंधेरा छा जाता है जिसे चालू करने के लिये भी कई सप्ताह बीत जाते है परंतु समस्या का समाधान नही हो पाता।

**पक्की नाली निर्माण की मांग:** वार्ड क्रमांक 28 में गंदगी का साम्राज्य है। घरों से निकला निस्तार पानी ओव्हरफ्लो होने के कारण नालियों से बाहर रोड में बह रहा है, जिससे वार्डवासियों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वार्ड में पक्की नालियां नहीं होने की वजह से वार्ड के लोगों को खासी दिक्कते हो रही हैं। वार्डवासियों का कहना है कि उन्होंने इस समस्या के बारे में पार्षद को कई बार बताया है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इससे वार्डवासियों में आक्रोश है। उनका कहना है कि पार्षद को वार्ड की समस्याओं की कोई चिंता नहीं है, वे सिर्फ अपने कामों में व्यस्त हैं। वार्डवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द उनकी समस्या का समाधान किया जाए और पक्की नालियां बनवाई जाएं ताकि उन्हें गंदगी से निजात मिल सके।



### इनका कहना है

हमारे द्वारा लगातार वार्ड में सफाई कराई जाती है, विगत दो दिन पूर्व ही नगर पालिका के कर्मचारियों द्वारा वार्ड की सभी नालियों की सफाई की गई है। वार्डवासियों को भी अपने आसपास साफ सफाई और स्वच्छता का ध्यान रखना चाहिए जिससे गंदगी न फैले। वार्ड में नाली निर्माण कार्य स्वीकृत हो चुका है परंतु टेंडर प्रक्रिया के कारण विलंब हो रहा है। शीघ्र ही नाली निर्माण किया जाएगा जिससे वार्डवासियों को परेशानी न हो।

**श्रीमती संगीता खगेश कावरे**
**पार्षद, वार्ड क्रमांक 28, बालाघाट**

## शिक्षकों को बीएलओ बनाये जाने से बच्चों की पढ़ाई पर हो रहा असर

**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** तहसील मुख्यालय किरनापुर में एसआईआर की प्रक्रिया के तहत कार्यवाही हो रही है। जिसमें विविध कर्मचारियों के साथ में शिक्षा विभाग के शिक्षकों की भी कार्य पर लगाया गया है। बीएलओ का कार्य संभाल रहे शिक्षकों से कई स्कूलों में पढ़ाई पर असर देखा जा रहा है। बीएलओ बनाये जाने से संबंधित शिक्षक स्कूल नहीं जा रहे है और उससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। चूंकि कुछ स्कूलों में शिक्षकों की संख्या कम है बावजूद उन स्कूल के शिक्षकों को भी मतदाता पुनरीक्षण कार्य में संलग्न कर दिया गया है। जिससे उन स्कूलों में पढ़ाई कराने चाले शिक्षक नहीं रह गये है। ऐसे में उन स्कूलों का भार या तो पदस्थ एक शिक्षक पर आ गया या फिर एक शिक्षक को पूरी कक्षा संभालने में ही व्यस्त कर दिया गया है। जिसका असर बच्चों की पढ़ाई पर देखा जा रहा है। बच्चों को पढ़ाने वाले शिक्षक नहीं होने से उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही। जानकारी के मुताबिक विकासखंड में मतदाता पुनरीक्षण का कार्य नवम्बर महीने से शुरू हुआ है। लेकिन बीएलओ की तैनाती पूर्व में ही कर ली गई है। जिसमें महिला बाल विकास विभाग से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, स्वास्थ्य विभाग से जुड़ी आशा कार्यकर्ताओं, शिक्षा विभाग के शिक्षकों की सेवा ली जा रही है। लेकिन इसमें शिक्षकों को बीएलओबनाया गया है। आया व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की सहयोगी के रूप में जीड़ा गया है। बीएलओ के रूप में सेवा दे रहे शिक्षकों द्वारा मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्य किया जा रहा है। लेकिन जिन शिक्षकों को बीएलओ बना दिया गया उसमें यह नहीं देखा गया कि किस स्कूल में कितने शिक्षक पदस्थ है और वहां पर बच्चों की दर्ज संख्या कितनी है? शिक्षकों के संख्या व बच्चों की दर्ज संख्या देखे बगैर ही संबंधित स्कूलों के शिक्षकों को बीएलओ बना दिया गया है। यही कारण है कई स्कूलों में इस समय 02 शिक्षक ही रह गये है। जो पढ़ाई का दायितत्व संभाल रहे है। जानकारी में आया कि तहसील किरनापुर मेंअधिकांशतः प्राय. व मिडिल स्कूल के शिक्षकों को बीएलओ बनाया गया है। जिसमें प्रायमरी स्कूल में जिन स्कूलों में दी शिक्षक है। वहां के एक शिक्षक की बीएलओ बना दिया गया हौ। जिसके चलते कक्षा पहली से कक्षा पांचवी तक की शाला का संचालन01 ही शिक्षक के भरोसे हो गया है। ऐसे कई स्कूलें हैं जहां पर इस तरह के अव्यवस्था निर्मित्ता हो गई है। चूंकि सभी जानते है कि कई बार विभागीय कार्य के अलावा अन्य कार्य भी होते है। इस स्थिति में किसी स्कूल में अगर 01 ही शिक्षक है तो वह शासकीयकार्य के लिये रहेगें या फिर स्कूल के संचालन के लिये जायेगें? यह सवाल इसलिये उठ रहे है कि कई बारदो शिक्षको वाली स्कूलों के शिक्षकों को भी बनाया बीएलओ

## खबर संक्षेप

### जिला अदब गोशा कवि सम्मेलन एवं मुशायरा एवं शाम-ए-गजल कार्यक्रम आज

**हरिभूमि न्यूज सिवनी। विधायक दिनेश राय ने पहलवान बंधुओं का उत्साह वर्धन कर उपस्थित दर्शक बंधुओं को संबोधित किया।** मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी, मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद, भोपाल के तत्वावधान में 'सिलसिला' श्रृंखला के अन्तर्गत 23 नवम्बर 2025 (रविवार) को श्रीजी भवन, सैफी हार्डवेयर के बाजू में, जिला उद्योग केन्द्र के पास, बींझावाड़ा रोड, सिवनी में जिला अदब गोशा (कवि सम्मेलन एवं मुशायरा) कार्यक्रम दोपहर 2 बजे एवं शाम-ए-गजल कार्यक्रम सायं 5 बजे से आयोजित किया गया है, जिसमें जिला सिवनी के जाने-माने शायर एवं कवि उपस्थित रहेंगे। इस जिला अदब गोशा (कवि सम्मेलन एवं मुशायरा) कार्यक्रम में सूफी रियाज मुहम्मद 'निदा', अरविन्द 'मानव', खलीक उज्जमा 'सहर', जगदीश 'तपिश', यूसुफ 'राज', जीनत एहसान कुरैशी, मसूद 'आतिश', नरेन्द्र नाथ 'चट्टान', डॉ. रामकुमार चतुर्वेदी, संजय समर्पित 'अशांत', अम्बिका शर्मा, डॉ. शफी खान 'शफी', अशफाक खान 'जबल', इकराम 'सदफ', अनीसा 'कौसर', मिनहाज कुरैशी, सिराज कुरैशी 'सिराज' आदि शायरों एवं कवियों को आमंत्रित किया गया है। इस अवसर पर सिवनी जिले के उभरते कलाकार नेत्रपाल दुबे, प्रभुदयाल नाग एवं अन्य गायकों के द्वारा मनमोहक गजलें प्रस्तुत की जायेंगी।

### सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन दंगल प्रतियोगिता में हुए शामिल

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** ग्राम बंडोल में श्री बजरंग व्यायाम शाला के तत्वधान में विशाल ईनामी दंगल का आयोजन हाई स्कूल ग्राउंड में किया गया जिसमें जिले के अलावा छिन्दवाड़ा, जबलपुर, खंडवा, भोपाल, उज्जैन, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली व अन्य जिलों, प्रदेशो के पलवानो ने आपना दाव पेंच लगाया, इस विशाल ईनामी दंगल को देखने के लिए बड़ी संख्या में दंगल प्रेमी, जनता जनार्दन का बड़ा जन सैलाब रहा ।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन विशाल ईनामी दंगल प्रतियोगिता के आयोजन में सम्मिलित होकर सहभागिता किया।

# हनुमान चालीसा केंद्र से मरीजों की होगी पहचान-प्रवीण तोगड़िया






**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।** विश्व हिंदू परिषद के पूर्व अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष और अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के वर्तमान अध्यक्ष डॉ. प्रवीण तोगड़िया एक दिवसीय कार्यक्रम के तहत सिवनी पहुंचे। रास्ते में कई स्थानों पर उनका स्वागत किया गया। सिवनी में ज्योतिषाचार्य बजरंग दल जिला उपाध्यक्ष रोहित सक्सेना के निवास पर उन्होंने लोगों से मुलाकात की। इस दौरान डॉ. तोगड़िया ने हिंदुओं की घटती आबादी और उनके सामने मौजूद खतरों पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने हिंदू समाज को एकजुट होने और आत्मनिर्भरता के लिए प्रेरित किया, ताकि वे अपनी सुरक्षा और अस्तित्व सुनिश्चित कर सकें। डॉ. तोगड़िया ने हनुमान चालीसा केंद्रों की स्थापना और सामूहिक पाठ को बढ़ावा देने की अपील की। उन्होंने कहा कि मंगलवार और शनिवार को लोगों को एकजुट होकर हनुमान चालीसा का पाठ करना चाहिए।

उनकी योजना हजारों हनुमान चालीसा केंद्र खोलने की है। उन्होंने बताया कि उनका छह दिवसीय जबलपुर महाकौशल प्रवास है, जिसमें छिंदवाड़ा, सिवनी और जबलपुर जैसे स्थानों पर वे गांव-गांव और जगह-जगह हनुमान चालीसा पाठ शुरू करने का प्रयास कर रहे हैं। इसी कड़ी में उन्होंने एक बड़ी स्वास्थ्य योजना की घोषणा की।

डॉ. तोगड़िया ने कहा कि जहां-जहां गांव और शहर में हनुमान चालीसा का पाठ चलेगा, वहां के किसी भी जरूरतमंद को यदि ह्दय या कैंसर का ऑपरेशन कराना होगा, तो अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद नागपुर में निजी अस्पतालों में निःशुल्क ऑपरेशन करवाएगा।

यह सुविधा केवल ह्दय और कैंसर तक सीमित नहीं होगी, बल्कि अन्य बीमारियों के ऑपरेशन भी कराए जाएंगे। हनुमान चालीसा केंद्र से मरीजों की होगी पहचान उन्होंने बताया कि मरीजों की पहचान हनुमान चालीसा केंद्रों के माध्यम से होगी।

पीड़ित व्यक्ति केंद्र पर अपनी समस्या बताएगा, और केंद्र के सदस्य उन्हें सूचित करेंगे, जिसके बाद नागपुर में ऑपरेशन की व्यवस्था की जाएगी कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रमोद राय, स्वराज बघेल, अनीश गोलू उइके, रोहित सक्सेना शुभम बघेल अमित मालू पत्रकार शरद दुबे राकेश मालवीय की गरिमांमय उपस्थिति रही।

## सिवनी जिला को मिले पेंचक शिलाट मार्शल आर्ट में तीन स्वर्ण पदक




**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।** बालाघाट में आयोजीत स्पोर्ट अथॉरटी आफ इंडिया भारत सरकार और खेल एवं युवा कल्याण विभाग व मध्यप्रदेश पेंचक शिलाट संघ द्वारा 19 नवम्बर को एक्सीलेंस स्कूल के हाल में आस्मिता पेंचक शिलाट वुमेन लीग सम्पन हुई जिसमें सिवनी जिला से टेंडिंग (फाइट) जूनियर वर्ग में स्वाति वंदेवार ने 43 किलो में स्वर्ण पदक व सीनियर वर्ग में शिवानी वंदेवार ने 45 किलो में स्वर्ण पदक व 60 किलो में संध्या सनोडिया ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया मध्यप्रदेश पेंचक शिलाट संघ के सचिव अभय श्रीवास द्वारा खिलाड़ियों को पदक व सार्टिफिकेट प्रदान किया साथ कोच रागिनी कुंभारे एनआईएस शमिल हुए।

### शतप्रतिशत विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य संपन्न करने वाले बीएलओ हुए सम्मानित

**सिवनी**, / कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सिवनी श्रीमती शीतला पटले ने जिले में जारी मतदाता सूची के शतप्रतिशत विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य पूर्ण करने वाले विधानसभा क्षेत्र क्रं-115 सिवनी मतदान केन्द्र क्रमांक 313 कोनियापार के बीएअलो जगदीश प्रसाद ठाकुर एवं विधानसभा क्षेत्र क्रं-116 केवलारी मतदान केन्द्र क्रमांक 227 पोंगार के बीएलओ प्रदीप तिवारी शॉल श्रीफल एवं प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी सी एल चनाप भी उपस्थित रहे।

विदित हो कि भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी म.प्र.भोपाल के निर्देशानुसार 2025 अंतर्गत संपूर्ण प्रदेश के साथ ही जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य 4 नवंबर 25 से 4 दिसंबर 2025 तक बीएलओ द्वारा मतदाताओं की जानकारी गणना फार्म के माध्यम से बीएलओ एप में डिजिटाईजेशन करने की कार्यवाही की जा रही है।

# जनपद पंचायत लखनादौन में सहायक सचिव पर मनमानी के आरोप, सरपंच-सचिव की मिलीभगत भी चर्चा में

**हरिभूमि न्यूज लखनादौन- छब्बी लाल कमलेशिया।** जनपद पंचायत लखनादौन की ग्राम पंचायत बाबली एक बार फिर चर्चाओं के केंद्र में है। ग्रामीणों और विभागीय सूत्रों के अनुसार पंचायत में मास्टररोल संचालन को लेकर गम्भीर अनियमितताओं की आशंका लगातार गहराती जा रही है। उपलब्ध दस्तावेजों और लोगों के बयानों से संकेत मिलता है कि सहायक सचिव द्वारा मनमाने ढंग से मास्टररोल तैयार करने का मामला धीरे-धीरे बड़ा रूप ले चुका है।

ग्रामीणों का आरोप, मास्टररोल मशीन की तरह भरा जा रहा है स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार पंचायत में मजदूरी दिवस, उपस्थिति, कार्य की वास्तविकता, जॉबकार्ड धारकों का चयन इन सभी में पारदर्शिता का अभाव है, ग्रामीणों का कहना है कि मास्टररोल में कई नाम ऐसे हैं जो ग्रामीण स्तर पर कभी काम करते दिखाई नहीं दिए, लेकिन दस्तावेज़ों में उनकी उपस्थिति पूरी तरह नियमित दर्शाई गई है।

### नीलेश झारिया और सुकवाल कुशराम के नाम पर सवाल

उपलब्ध मस्टररोल रिपोर्टों में नीलेश झारिया, जो ग्रामीणों के अनुसार ग्राम रहलोन कला में अतिथि शिक्षक हैं, और सुकवाल कुशराम, जिन्हें ग्रामीण जुगराजी छात्रावास में चपरासी बताते हैं, दोनों के नाम पंचायत बाबली के मास्टररोल में लगातार दिखाई दे रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार, काम यहाँ नहीं, मजदूरी वहाँ निकाल ली जाती है, ये कौन-सी पारदर्शिता है? हालाँकि यह सब आरोप और ग्रामीणों की बातें हैं, जिनकी विभागीय जाँच आवश्यक है।

### सहायक सचिव पर आरोप, दफ्तर नहीं, मर्जी से पंचायत चल रही

ग्रामीणों के मुताबिक पंचायत में सहायक सचिव ही पूरा मास्टररोल नियंत्रित कर रहा है, और उपस्थिति दर्ज करने से




लेकर नाम जोड़ने-हटाने तक सभी कार्य अकेले ही करता दिखता है। आरोप यह भी है कि कई बार मोबाइल-अटेंडेंस, फील्ड-सत्यापन, मनरेगा मानक, भौतिक प्रगति का मिलान कुछ भी पालन में नहीं लिया जाता।

### सरपंच-सचिव की भूमिका पर भी सवाल

ग्रामीणों का कहना है कि यह सब कुछ सिर्फ सहायक सचिव की मनमानी से संभव नहीं, बल्कि सरपंच और सचिव की मौन सहमति या मिलीभगत के बिना यह स्तर की अनियमितता संभव ही नहीं है। बाबली पंचायत में फर्जी उपस्थिति, कागज़ी मजदूरी, कागज़ी कार्यदिवस, बैंक भुगतान एंट्री जैसे मुद्दे अब चर्चा का मुख्य विषय बन चुके हैं। मस्टररोल दस्तावेज़ क्या कहते हैं? उपलब्ध रिपोर्टों में यह साफ दिखता है कि एक ही परिवार या समूह के कई लोग लगातार पूर्ण उपस्थिति में दर्ज हैं। कई जॉब कार्ड धारकों की मजदूरी एक ही प्रकार की, एक ही अवधि में दिखाई दे रही है, मोबाइल-अटेंडेंस (मोबाइल से उपस्थिति दर्ज) की पंक्तियाँ पीले रंग में दिखाई दे रही हैं, जिनकी सत्यता की जाँच अपेक्षित है। वास्तविक कार्यस्थल पर ग्रामीणों ने कई दिनों तक कोई मजदूर दिखाई न देने का दावा किया है।

### कानून क्या कहता है?

मध्यप्रदेश शासन के मनरेगा दिशा-निर्देश, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग नियम, तथा पारदर्शिता अधिनियम के अनुसार, मास्टररोल में केवल वही व्यक्ति दर्ज हो सकता है, जिसने वास्तविक कार्य किया हो, उपस्थिति की ऑन-द-स्पॉट पुष्टि अनिवार्य है, किसी भी प्रकार की फर्जी उपस्थिति, गलत भुगतान, या जॉब कार्ड का दुरुपयोग गंभीर दंडनीय कृत्य है।

### ग्रामीणों की माँग, तत्काल उच्च स्तरीय जाँच हो

ग्राम पंचायत बाबली के कई युवाओं, महिलाओं और मजदूरों ने मांग की है कि मास्टररोल की सम्पूर्ण जाँच हो, मोबाइल-अटेंडेंस की लोकेशन जाँच की जाए, भुगतान किसके खाते में गया, यह सार्वजनिक किया जाए, वास्तविक कार्यस्थल का निरीक्षण कराया जाए, और जिम्मेदारों पर विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित हो। ग्रामीणों का कहना है, जो काम जमीन पर दिखाई ही नहीं देता, उसकी मजदूरी कागज पर कैसे निकल रही है? यह जांच का विषय है और जिला प्रशासन को हस्तक्षेप करना चाहिए।

### प्रशासन की चुप्पी सवालों के घेरे में

जनपद पंचायत लखनादौन और जिला प्रशासन सिवनी ग्राम पंचायत बाबली की जांच कर पाएगा क्या, परंतु फाइलों में दर्ज उपस्थिति और वास्तविक स्थल की स्थिति के बीच अंतर को देखकर कई सवाल लगातार उठ रहे हैं, ग्राम पंचायत बाबली का यह कथित मास्टररोल मॉडल अब जांच और कार्रवाई की मांग कर रहा है। जब तक प्रशासन इस पर ठोस कदम नहीं उठाता, ग्रामीणों के आरोप और पंचायत व्यवस्था पर अविश्वास दोनों बढ़ते रहेंगे।

# पोकलेन मशीन से बड़े झाड़ के जंगल में हुई खुदाई

## बिना अनुमति के बिठली सरपंच-सचिव ने करवाया अवैध उत्खनन

### बालाजी मेटल्स के संचालक केशव अग्रवाल की पोकलेन मशीन से हुई खुदाई मनमानी पर उतरे बालाजी मेटल्स के संचालक केशव अग्रवाल

**सिवनी**// बिठली पंचायत में बिना अनुमति हो रहा अवैध उत्खनन अब बड़े घोटाले का रूप ले चुका है। जंगल क्षेत्र में पोकलेन से गहरी खुदाई ने सरकारी जमीन पर निजी मुनाफे का खेल खुलकर सामने ला दिया है। ग्रामीणों के भारी विरोध और आक्रोश के बावजूद जिम्मेदारों की चुप्पी कई सवाल खड़े कर रही है। तालाब निर्माण के नाम पर चल रही इस संदिग्ध गतिविधि ने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी है। सिवनी मुख्यालय से लगी ग्राम पंचायत बिठली के राघादेही गांव में सरपंचझ्रसचिव की मिलीभगत से शासकीय भूमि पर अवैध उत्खनन का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। ग्रामीणों का आरोप है कि तालाब निर्माण के नाम पर बालाजी मेटल्स के पार्टनर केशव अग्रवाल को लाभ पहुंचाने की पूरी साजिश रची गई है। बिना अनुमति पोकलेन मशीन से बड़े झाड़ के जंगल क्षेत्र में गहरी खुदाई होने पर ग्रामीणों में जबरदस्त आक्रोश फैल गया है।

### जिस पोकलेन मशीन से हुई खुदाई क्या उस पर होगी जप्ती की कार्यवाही

ग्राम पंचायत बिठली केराघादेही में बड़े झाड़ के जंगल में बिना अनुमति के सरपंच सचिव एवं बालाजी मेटल्स के संचालक केशव अग्रवाल द्वारा शासन के नियमों को ताक में रखकर विवादित तालाब के ऊपरी हिस्से में पोकलेन मशीन से उत्खनन करने का एक वीडियों सामने आया है जिसमें अब जिला प्रशासन के अधिकारी सहित खनिज अधिकारी पर भी प्रश्न चिन्ह लगते




दिखाई दे रहे जिसमें मिलीभगत होने की भी आशंका जताई जा रही है तभी तो शिकायत शिकवे के बावजूद भी बिना अनुमति के उत्खनन किया गया है। अब देखना यह होगा कि इस पूरे मामले में क्या पोकलेन मशीन की जप्ती कर हुए अवैध उत्खनन में जुर्माना लगायेगी या...!

### निजी मुनाफे के लिए सरकारी जमीन का दुरुपयोग?

ग्रामीणों ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि पूरे मामले की जड़ में सरपंच, सचिव, क्रेशर संचालक और बालाजी मेटल्स के पार्टनर केशव अग्रवाल का गठजोड़ शामिल है। ग्रामीणों के अनुसार तालाब निर्माण सिर्फ एक दिखावटी बहाना है—असल उद्देश्य सरकारी जमीन से बड़े पैमाने पर पत्थर निकालना और उन्हें क्रेशर तक पहुंचाकर निजी आर्थिक लाभ कमाना है। स्थानीय लोगों का दावा है कि यदि प्रशासन ने समय रहते हस्तक्षेप नहीं किया, तो यह अवैध उत्खनन क्षेत्र की भूमि, पर्यावरण और जनसुरक्षा के लिए बड़ा खतरा साबित होगा।

### सरपंच-सचिव पर गंभीर आरोप

ग्रामीणों के अनुसार पटवारी हल्का नंबर 107 के खसरा 34 में कुल 10.74 हेक्टेयर में से 1.40 हेक्टेयर शासकीय भूमि पर तालाब निर्माण की अनुमति ली जा रही है, जबकि वहां पहले से ही गहरी खाईनुमा तालाब मौजूद है। ग्रामीणों ने बताया—पुराने तालाब को और गहराई में धकेला जा रहा है। दुर्घटनाओं का खतरा कई गुना बढ़ेगा। उत्खनन का उद्देश्य पत्थरों को निकालकर निजी लाभ कमाना है

### ग्रामीणों का प्रशासन से तीखा सवाल

ग्रामवासियों ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर स्पष्ट कहा है कि खसरा नंबर 34 पर प्रस्तावित उत्खनन किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। ग्रामीणों का आरोप है कि बिना अनुमति और बिना जनसहमति के किए जा रहे उत्खनन से मानव जीवन, पशुधन और पर्यावरण को गंभीर खतरा पैदा हो रहा है। उन्होंने मांग की है कि मौके का तुरंत मैदानी निरीक्षण किया जाए, अनुमति को तत्काल प्रभाव से रद्द किया जाए और इसमें संलिप्त सरपंच, सचिव तथा क्रेशर संचालक पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

### दहशत में गांव—प्रशासन की चुप्पी संदेहास्पद

गांव में अवैध उत्खनन से फैली दहशत लगातार बढ़ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि पोकलेन से बनी गहरी खाई किसी भी समय बड़ी दुर्घटना को जन्म दे सकती है, जिससे मानव जीवन और पशुधन दोनों जोखिम में हैं। जंगल क्षेत्र का प्राकृतिक संतुलन भी प्रभावित हो रहा है और सरकारी जमीन का नुकसान लगातार बढ़ रहा है। स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि ग्रामीण अब जिला प्रशासन की प्रतिक्रिया का इंतजार कर रहे हैं। बड़ा सवाल यह है कि क्या जिम्मेदारों पर कार्रवाई होगी या फिर प्रशासन की खामोश निगरानी अवैध उत्खनन को ही बढ़ावा देती रहेगी?

# साइकिल पर सवार दो बच्चे को बचाने के चक्कर में ऑटो रिक्शा पलटा



**नगर में अव्यवस्थित यातायात व्यवस्था**

**सडक़ के किनारे बेतरतीब ढंग से खड़े ट्रैक्टर, छोटे बड़े वाहन**

**सिवनी।** नगर में अव्यवस्थित यातायात हर जगह देखने को नजर आ रहा है। सडक़ के किनारे बेतरतीब ढंग से खड़े ट्रैक्टर, छोटे बड़े वाहन व सडक़ किनारे रेत, गिट्टी, आदि बिल्डिंग मटेरियल समान पड़े रहने से मार्ग भी संकीर्ण हो रहा है। जिसके चलते आए दिन सडक़ दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। शनिवार को दोपहर 12.30 बड़े मिशन स्कूल की कॉम्प्लेक्स दुकानों के सामने एक साइकिल पर सवार दो बच्चे को बचाने के चक्कर में एक ऑटो रिक्शा वाहन पलट गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार को दोपहर जनपद पंचायत व बीएसएनएल कार्यालय के बीच की छड़ी वाले रास्ते में एक ऑटो क्रमांक एमपी 28 क्रं 2797 बच्चों को बचाने के चक्कर में पलट गया। ऑटो चालक के सिर में चोट आई। व ऑटो में लगा कांच पूरी तरह टूट गया। आसपास के लोगों ने बताया कि साइकिल में दो बच्चे कचहरी चौक से गणेश मंदिर दिशा की ओर जा रहे थे। साइकिल चला रहा बच्चा अचानक गलत दिशा की ओर साइकिल ले जाने लगा। पीछे से आ रहा ऑटो टक्कर को बचाने के चक्कर में अपने वाहन को दाहिनी तरफ मोड़ दिया जिससे ऑटो सडक़ पर पलट गया और एक बड़ी दुर्घटना होते बच गई।

### चौड़ी सडक़ भी अतिक्रमण की चपेट में

नागरिकों ने बताया कि इन दोनों सडक़ का चौड़ीकरण कार्य तो कर दिया गया है लेकिन सडक़ के दोनों तरफ खुली दुकानों में रखे सामान को सडक़ तक रखे जाने की प्रथा समाप्त नहीं हुई है। इसके साथ ही दुकानदार द्वारा अपने सामान को दुकान के काफी बाहर तक रखा जाता है। जिसके कारण सडक़ संकीर्ण हो रही है और यही दुर्घटना का कारण बन रहा है। वही व्यस्ततम सडक़ के किनारे बिल्डिंग मटेरियल सामग्री रेट, गिट्टी को रखे जाने और उसको वहां से उठाने में ट्रैक्टर खड़ा करके उठाए जाने से भी यहां से गुजरने वाले छोटे बड़े वाहन चालकों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस मामले में शिकायत किए जाने के बाद ही कोई ध्यान नहीं दे रहा है। नागरिकों ने यातायात व्यवस्था दुरुस्त किए जाने की मांग शासन प्रशासन से की है।



## भगवान बिरसा मुंडा जयंती पर ज्ञान का उत्सव ABVP की प्रतियोगिता संपन्न

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती (साढ़े शती वर्ष) के उपलक्ष्य में आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आज सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता को लेकर जिलेभर में विद्यार्थियों में अत्यंत उत्साह देखा गया। जिला संयोजक ने जानकारी दी कि जिले भर से 2000से अधिक प्रतिभागियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। परीक्षा को सुचारू एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने हेतु जिले में कुल 7 परीक्षा केन्द्र स्थापित किए गए थे। यह प्रतियोगिता जिले की निम्नलिखित 6 प्रमुख इकाइयों में सफलतापूर्वक आयोजित की गई— केवलारी, बरघाट, लखनादौन, सिवनी, घंसौर एवं सुनवारा। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में सामान्य ज्ञान, जागरूकता एवं प्रतिस्पर्धात्मक भावना का विकास करना था। **ABVP** द्वारा विजेताओं के लिए आकर्षक पुरस्कार जैसे— **Android Phone**, **Cycle** एवं **Smart Watch**, तथा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। विभाग संयोजक हर्ष अग्रवाल एवं ज़िला संयोजक सुजल मिश्रा ने सभी कार्यकर्ताओं, सहयोगियों एवं प्रतिभागी विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि भविष्य में भी इसी प्रकार की शैक्षणिक एवं व्यक्तित्व-विकासकारी गतिविधियाँ निरंतर आयोजित की जाएँगी।

# केवलारी ब्लॉक में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का हुआ सफल आयोजन

### गायत्री शक्तिपीठ केवलारी जिला - सिवनी के पूरे केवलारी ब्लॉक में प्राइमरी मिडिल हायरसेकंडरी , एवं महाविद्यालय स्तर पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी परीक्षा का आयोजन हुआ।

जिसमें परीक्षा को सहज सम्पन्न कराने हेतु केवलारी को 3 भागों (उगली, पलारी एवं केवलारी ) में बाँटकर सम्पन्न कराया। जिसके प्रभारियों द्वारा अपनी नेतृत्व क्षमता के द्वारा उक्त परीक्षा का सफलतापूर्वक संचलन किया गया। प्रभारी क्रमशः उगली - श्री रमेश बिसेन जी, श्री ब्रजमोहन टेम्भरे जी , पलारी - श्री शिवचरण ठाकुर जी, केवलारी - श्री शिवराज राहंगडाले जी, श्री किशोर चौधरी जी , श्री सुरेन्द्र साहू जी एवं अन्य सभी सहयोगी भाई बहनों के सहयोग से कार्य सहज ही पूर्ण हुआ।

विगत 2 माह से ब्लाक के सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में सतत सम्पर्क कर विद्यार्थियों को भारत की संस्कृति के प्रति सम्मान, प्रतियोगी परीक्षा हेतु तैयारी संस्कारों का महत्व,नागरिक कर्तव्य आदि बहु उपयोगी प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष लाभ से अवगत कराकर हमारे विद्यालय शिक्षकों, के मोटीवेशन के द्वारा लगभग 6000 विद्यार्थियों ने भाग लिया। उन्हें अध्ययन सामग्री प्रदान कर परीक्षा की तैयारी हेतु मार्गदर्शन दिया गया।

जिस हेतु 21नवम्बर 2025 को पूरे भारत मे इस परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें गायत्री परिवार एवं समाज के अन्य सहयोगी युवा एवं वरिष्ठ जनों के मार्गदर्शन एवं परीक्षा केंद्रों में जाकर सम्पन्न कराया। परीक्षा omr sheet के माध्यम से सम्पन्न हुई। ओएमआर शीट जो कि आज के युग मे होने वाली विभिन्न परीक्षाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, जिसका पूर्वाभ्यास विद्यार्थियों की इस परीक्षा को देकर अनुभव हो जाता है।

इस परीक्षा के संचालन के लिए गायत्री शक्तिपीठ केवलारी में मुख्यप्रबन्ध ट्रष्टि जी की उपस्थिति में एक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन परीक्षा के पूर्व 20 नवम्बर 2025 को दोपहर 3 बजे से की गई जिसमें श्री शिवराज राहंगडाले जी ने सभी नैष्ठिक परिजनों को तकनीकी एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया। जो कि परीक्षा सम्पन्न कराने में महत्वपूर्ण सिद्ध हुआ,

सभी परीक्षा लेने जाने वाले भाई बहनों ने निर्धारित समय पर विधिवत गायत्री मंत्र के सस्वर उच्चारण के साथ आरंभ कराया, और सभी आवश्यक परीक्षा सम्बंधी नियमो के पालन करते हुए सम्पन्न कराया। अंत मे विद्यालय प्रमुख एवं सहयोगी शिक्षकों का परीक्षा में सहयोग करने हेतु गायत्री परिवार की ओर स्व धन्यवाद किया। और पुनः इसी सहयोग की आने वाले वर्षों में अपेक्षा के साथ केंद्र के लिए विदा लिया।

### खनिज विभाग के अधिकारियों की छापामार कार्यवाही

# रेत का अवैध खनन एवं परिवहन करने पर 3 ट्रेक्टर जब्त






हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देश पर खनिज विभाग के अधिकारियों द्वारा जिले में खनिज के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर सतत कार्यवाही की जा रही है। खनिज विभाग के अमले ने 21 एवं 22 नवंबर को जिले के विभिन्न स्थानों पर छापामार कार्यवाही कर रेत के अवैध खनन एवं परिवहन में लिप्त पाए जाने पर 03 ट्रेक्टर जब्त किए हैं।

उपसंचालक खनिज सुश्री फरहत जहां ने बताया कि 21 एवं 22 नवम्बर को किरनापुर तहसील के अंतर्गत ग्राम मुरकुड़ा में रेत का अवैध खनन एवं परिवहन करते पाए जाने पर 01 ट्रेक्टर जब्त कर थाना किरनापुर की अभिरक्षा में खड़ा किया गया। इसी प्रकार रेत का अवैध खनन करने 02 प्रकरण तहसील किरनापुर अंतर्गत ग्राम बाटरमारा में बनाए गए हैं और वाहन ट्रेक्टर ट्रॉली को जब्त कर कार्यलय कलेक्टर खनिज शाखा प्रांगण में खड़ा कराया गया है।

21,22 नवम्बर को खनि निरीक्षक सुरेश कुमार कुलस्ते, प्र खनि निरीक्षक दुर्गेश डहेरिया म0प्र0 स्टेट कार्पोरेशन से पी एल लक्ष्यकार खनिज सिपाही रजनीश तिवारी होमगार्ड राजेंद्र चौहान, परसराम काकोटे, मोहन जैतवार की टीम द्वारा ग्राम मुरकुडा और बटरमारा में छापामार कार्यवाही की गई। इस दौरान रेत के अवैध खनन एवं परिवहन में लिप्त पाए जाने पर ट्रेक्टर क्रमांक एमपी-54-ZE-5307 वाहन चालक ललित पिता रोशनलाल कामडे निवासी किरनापुर, ट्रेक्टर क्रमांक एमपी-50- ए-7427 वाहन चालक लिखी पिता भूरे लाल दिगोरे एवं ट्रेक्टर क्रमांक एमपी -50-ए-7505 वाहन चालक कृष्णा पिता सुखचंद नगपुरे निवासी गोदरी जब्त किया गया है। इन वाहनो के मालिको / चालकों के विरूद्ध मप्र खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम,2022 के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही के लिए कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है। इसी प्रकार ग्राम मेहदुली तहसील वारासिवनी अंतर्गत चन्दन की खनिज रेत की लगातार शिकायत प्राप्त होने पर चंदन नदी पहुंच मार्ग को जेसीबी से गड्ढा करा कर मार्ग को अवरोध किया गया ताकि खनिज रेत के अवैध खनन परिवहन में अंकुश लगाया जा सके।

# बेसहारा लोगों को आश्रय स्थल में मिल रहा आसरा

### नगरपालिका की आश्रय सर्वेक्षण टीम कर रही रात्रि गश्त



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

वर्तमान में कड़ाके की सर्दी चल रही है जिससे कि विशेषकर रात्रि के समय ठिठुरन काफी बढ़ गई है जिसे लेकर जिला प्रशासन द्वारा निर्देशित किया गया है साथ ही नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती भारती सुरजीतसिंह ठाकुर एवं सीएमओ श्री बीडी कतरोलिया के मार्गदर्शन में नगरपालिका परिषद बालाघाट की एनयूएलएम शाखा की आश्रय सर्वेक्षण टीम ने रात्रि गश्त प्रारंभ की है। जहां बेसहारा लोगों को ठंड के प्रकोप से बचाने और उनके जीवन को सुरक्षित रखने के लिये सुविधायुक्त आश्रय स्थल में पहुंचाया जा रहा है।

इस संबंध में बताया गया है कि नगरपालिका के राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत निर्मित आश्रय स्थल में हर बेसहारा को सहारा मिलेगा, जिन्हें भीषण ठंड से राहत के दिलाने के लिये पर्याप्त प्रबंध किये गये है। एनयूएलएम शाखा आश्रय सर्वेक्षण टीम के माध्यम से रात्रिकालीन गश्त की जा रही है। खुले में सोने वाले राहगीरों, बेसहारा, निराश्रित को सुरक्षित आश्रय स्थल तक पहुंचाने के लिये टीम के द्वारा 20 नवंबर को शहर के काली पुतली चौक से होते हुए रेलवे स्टेशन, सर्किट हाऊस रोड, जिला अस्पताल एवं मुख्य मार्ग पर गश्त की गई ।

प्रदेश सरकार की मंशानुरूप बाहर खुले में सोने वाले राहगीरों एवं अन्य व्यक्तियों को सुरक्षित निःशुल्क वाहन सुविधा के जरिये आश्रय स्थल तक पहुंचाया गया। बताया गया कि गश्त के दौरान 5 लोग ऐसे मिले जो ठण्ड से ठिठुर रहे थे जिन्हें राहत देते हुए आश्रय स्थल में ले जाकर उन्हें ठंड से बचाव की सुविधा दी गई। अत्यधिक ठंड को लेकर आश्रय सर्वेक्षण टीम कार्य करेगी और शहर में गश्त करते हुए ऐसे लोगों को सुरक्षित तरीके से आश्रय स्थल तक पहुंचाया जायेगा।

## सांदीपनि विद्यालय बालाघाट में मेधा योगा आर्ट ऑफ लिविंग कार्यशाला का हुआ आयोजन

**बालाघाट।** आज के दौर में बड़े ही नहीं अपितु बच्चे भी अपने स्तर के तनाव का सामना करते हैं। आत्मविश्वास की कमी और तनाव के ही कारण अक्सर परीक्षा परिणाम के बाद असफल बच्चों के द्वारा निराश, उदास होकर (आत्महत्या) जैसे गलत कदम उठाए जाते हैं। विद्यार्थियों में एकाग्रता बढ़ाने तथा अन्य परिस्थितियों से निपटने के लिए म.प्र.शासन स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार प्रदेश के समस्त सांदीपनि विद्यालयों ( सी.एम.राइज़ विद्यालय ) में पुज्य गुरुदेव श्री श्री रविशंकर जी के द्वारा विकसित एक कार्यक्रम जो किशोरों ( आयु वर्ग 12-18 ) के लिए बनाया गया है और इसमें प्राचीन योग, ध्यान और श्वास तकनीकें शामिल हैं को सिखाया जाता हैं । इसका उद्देश्य किशोरों को तनाव, साथियों के दबाव और शैक्षणिक चुनौतियों से निपटना सिखाना और उनका आत्मविश्वास व एकाग्रता बढ़ाना है।

# वैनगंगा का पानी धान की फसल को नहीं मिलेगा

### मंत्री बोले- किसान गेहूं, चना, मूंग जैसी कम पानी वाली फसलें लगाएं

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट जिले में रबी सीजन में धान की सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध न कराने का निर्णय लिया गया है। इस फैसले से किसान चिंतित हैं, वहीं किसान गर्जना संगठन ने इसका विरोध दर्ज कराया है। बालाघाट एक प्रमुख धान उत्पादक जिला है, जहां खरीफ के साथ-साथ रबी में भी बड़ी मात्रा में धान की खेती की जाती है।

यह निर्णय शुक्रवार को प्रभारी मंत्री राव उदयप्रतापसिंह की अध्यक्षता में आयोजित जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक में लिया गया। बैठक में सांसद भारती पारधी ने ढूटी डैम से वैनगंगा नदी में पानी के व्यर्थ बहने का मुद्दा उठाया था और इसे रबी फसलों की सिंचाई के लिए रोकने की मांग की थी। वहीं, कटंगी विधायक गौरव पारधी ने राजीव सागर बांध से गन्ना किसानों को सिंचाई के लिए पानी दिए जाने की आवश्यकता बताई थी। बैठक में यह तय किया गया कि रबी सीजन में धान की सिंचाई के लिए पानी नहीं दिया जाएगा। इसके बजाय, किसानों को गेहूं, चना, मूंग जैसी कम पानी वाली फसलें लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। प्रशासन किसानों को इन फसलों की खेती के लिए प्रेरित करेगा।

इस निर्णय पर जब प्रभारी मंत्री राव उदय प्रताप सिंह से सवाल किया गया, तो उन्होंने बताया कि धान की खेती में अत्यधिक पानी की खपत होती है। लगातार धान की फसल लगाने से जमीन की उर्वरकता क्षमता भी प्रभावित होती है। उन्होंने कहा कि प्रशासन पानी के बेहतर उपयोग के साथ धान की खेती के तरीकों में किसानों का सहयोग करेगा।

# बालाघाट जिले में मतदाता सूची के एसआईआर में तेजी

### 65 प्रतिशत गणना पत्रक हुए डिजिटलाइज

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR 2026) के तहत बालाघाट जिले में गणना पत्रकों के डिजिटलाइजेशन कार्य में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। 22 नवंबर 2025 की दोपहर तक जारी आंकड़ों के अनुसार जिले में कुल 13 लाख 70 हजार 312 मतदाताओं में से 08 लाख 66 हजार गणना पत्रकों का डिजिटलाइजेशन पूरा किया जा चुका है। इस प्रकार जिले में अब तक कुल 65 प्रतिशत गणना पत्रकों का डिजिटलाइजेशन किया जा चुका है, जो पिछले दिवस की 52 प्रतिशत प्रगति की तुलना में 13 प्रतिशत अधिक है।

जिले के 06 विधानसभा क्षेत्रों में गणना पत्रकों के डिजिटलाइजेशन में अच्छा कार्य हो रहा है। सबसे अधिक प्रगति बैहर विधानसभा में दर्ज की गई है, जहां 77 प्रतिशत कार्य पूरा हुआ है। वहीं वरासिवनी ने भी 67 प्रतिशत के साथ सराहनीय बढ़त दिखाई है। परसवाड़ा ने 63 प्रतिशत, लांजी ने 62 प्रतिशत, कटंगी ने 58 प्रतिशत और बालाघाट ने 57 प्रतिशत गणना पत्रकों का डिजिटलाइजेशन किया हैं। विधानसभा क्षेत्र बैहर में 01 लाख 81 हजार 500, वारासिवनी में 01 लाख 38 हजार 400, परसवाड़ा में 01 लाख 41 हजार 200, लांजी में 01 लाख 52 हजार, कटंगी में 01 लाख 19 हजार और विधानसभा क्षेत्र बालाघाट में 01 लाख 35 हजार मतदाताओं के गणना पत्रक पोर्टल पर अपलोड कर उनका डिजिटलाइजेशन कर दिया गया है। जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में पिछली दिवस की प्रगति की तुलना में 9 से 13 प्रतिशत तक की बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है, जो बीएलओ टीमों द्वारा किए जा रहे सतत प्रयासों का परिणाम है। प्रशासन ने शेष गणना पत्रकों के डिजिटाइजेशन को समय-सीमा में पूर्ण करने के लिए तेजी बरकरार रखने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मृणाल मीना ने बताया कि मतदाता सूची को अधिक सटीक और त्रुटिरहित बनाने के लिए यह अभियान अत्यंत महत्वपूर्ण है, और सभी क्षेत्र निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करने के लिए सक्रिय रूप से कार्यरत हैं। उन्होंने जिले के मतदाताओं से अपील की है कि वे मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण एस आई आर के प्रति जागरूक रहें और समय सीमा के भीतर गणना पत्रक सही जानकारी के साथ भरकर बीएलओ को उपलब्ध कराएं। जिले के अधिकारियों द्वारा गणना पत्रक भरने, जमा करने और उनके डिजिटलाइजेशन कार्य का सतत निरीक्षण किया जा रहा है। इसी कड़ी में किरनापुर एसडीएम श्री एम आर कोल ने 22 नवंबर को ग्राम ओरम्हा, जरेरा और जागपुर का भ्रमण कर बीएलओ के कार्यों का निरीक्षण किया और उन्हें एसआईआर का कार्य गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

# 9300 से अधिक युवाओं कों मिला जॉब ऑफर लेटर, पॉलिटिनक डिप्लोमा एवं बीटेक करने का अवसर

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

प्रतिष्ठित कंपनीयों में जॉब के दौरान पात्र युवाओं कों पॉलिटिनक डिप्लोमा दिया जाएगा। 3 वर्ष के जॉब के पश्चात इच्छुक युवाओं कों कंपनियों द्वारा जाब के साथ बीटेक भी कराया जाएगा। बालाघाट जिले में युवाओं कों रोजगार दिलाने के लिए हर माह रोजगार मेलो का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेलो के तीन चरणों में अब तक जिले के 9300 से अधिक युवाओं कों जॉब ऑफर लेटर प्रदान किये जा चुके है।

इस स्वरोजगार मेले के आयोजन एवं बड़ी कंपनियों के साथ समन्वय करने में करियर काउंसलर समाजसेवी श्री आशीष मिश्रा की भी सराहनीय भूमिका है। उन्होंने बताया कि यह अभी तक का सबसे बड़ा रोजगार मेला रहा है, जिसमें बालाघाट के हर कोने से इस मेले में बच्चों ने शिरकत की है। जिले के आदिवासी अंचल, वन एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्र के युवाओं को मुख्य धारा से जोड़ने के उद्देश्य से और उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत कर उन्हें सुदन बनाने के लिए रोजगार मिले के द्वारा युवाओं को रोजगार देने का प्रयास किया जा रहा है और यह सामूहिक प्रयास सफल हो रहा है। स्वरोजगार मेले के माध्यम से हमारे युवा बड़ी-बड़ी कंपनियों में जॉइनिंग ले रहे हैं और जो युवा पहले से ही कंपनियों में जॉइनिंग




ले चुके हैं, उनके द्वारा दूसरे युवाओं को भी प्रेरित किया जा रहा है।

## जिले में पराली जलाने पर प्रतिबंधः पर्यावरण संरक्षण के लिए सख्त कदम

**बालाघाट।** पराली जलाने से खेत की मिट्टी में पाये जाने वाले उपयोगी एवं मित्र कीट आदि के नष्ट होने एवं इसके धुएं के कारण पर्यावरण को नुकसान पहुंचने की संभावना को देखते हुए श्री मृणाल मीना ने जिले में फसल कटाई के बाद पराली जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। जिले में जो कोई भी किसान या अन्य व्यंक्ति खेतों में पराली जलाते हुए पाया जायेगा उसके विरूद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा-163 और आपदा प्रबंधन अधिनियम-2005 की धारा-30 के तहत सख्त कार्यवाही की जाएगी।

उप संचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय ने बताया कि पराली जलाने पर किसानों पर जुर्माना लगाया जायेगा। 02 एकड़ तक की जमीन वाले किसानों द्वारा पराली जलाये जाने पर 2,500 रुपये का जुर्माना लगाया जायेगा और 02 से 05 एकड़ जमीन वाले किसानों पर 5,000 रुपये का जुर्माना लगाया जायेगा और 05 एकड़ से अधिक जमीन वाले किसानों पर 15 हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा।

उप संचालक कृषि श्री मालवीय ने बताया कि पराली जलाने से वातावरण प्रदूषण होने के साथ ही कार्बन डाइऑक्साइड, कार्बन मोनोऑक्साइड, मीथेन जैसी हानिकारक गैसें निकलती हैं, जो वायु प्रदूषण को बढ़ाती हैं। पराली जलाने से मिट्टी की गुणवत्ता प्रभावित होती जमीन की ऊपरी परत जल जाती है, जिससे मिट्टी की उर्वरता कम होती है और लाभकारी जीवाणु नष्ट होते हैं। वही स्वास्थ्य जोखिम धुआं सांस लेने में परेशानी और गंभीर बीमारियों का कारण बनता है। पराली जलाने से पशुओं के भोजन की कमी होती है। पराली को जलाने की बजाय खेत में मिलाने से मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार होता है, कार्बन और पोषक तत्व बढ़ते हैं, जिससे सिंचाई की बचत होती है। प्रदूषण की रोकथाम होती है और वातावरण स्वच्छ रहता है। उत्पादकता बढ़ती है, मिट्टी की उपजाऊ शक्ति में वृद्धि होती है।

# विधायक पारधी ने किया चोरपिंडकेपार से टूईयापार सड़क का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।



कटंगी खैरलांजी विधायक गौरव सिंह पारधी के द्वारा शनिवार 22 नवंबर को क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम चोरपिंडकेपार से टूईयापार तक करीब 204 लाख रुपए स्वीकृती लागत से बनने वाली करीब तीन किलोमीटर लम्बी दुरी की सड़क का भूमिपूजन किया गया साथ ही कटोरी से चोरपिंडकेपार रानी मोहगांवघाट मार्ग, कटोरी से भंडारबोडी कचेखनी मार्ग, कटोरी से लिलाम मार्ग, कटोरी से फलचूर शंकरपिपरिया मार्ग, भौरगढ से टेमनी मार्ग का पुन डामरीकरण कार्य करने के लिए विधायक गौरव सिंह पारधी के हस्ते भूमिपूजन किया गया । शनिवार को कटोरी एंव चोरपिंडकेपार में भूमिपूजन कार्यक्रंम समारोह का आयोजन किया गया जिसमे क्षेत्रीय विधायक गौरव सिंह पारधी सहित लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री बी. एस.अडमे सहित अन्य अतिथीगण प्रमुख रूप से शामिल हुए। इस दौरान विधायक गौरव सिंह पारधी ने कहा की चोरपिंडकेपार से टूईयापार तक सड़क निर्माण होने से आवाजाही में सुविधा होगी, आजादी के बाद इस सड़क का निर्माण होना निश्चित तौर से दोनों गांवो का सम्पर्क बढेगा और विकास होगा । हमने जो वादा की उसे पुरा किया , साथ ही कहा की कटोरी सेंटर से जाने वाली सडको का पुन डामरीकरण होने से सड़को की स्थित में सुधार होगा , आवाजाही में काफी सुविधा। उन्होंनो कहा की क्षेत्र का विकास करना हमारी पहली प्राथमिकता है जिसके लिए हम संकल्पित है। जनता की सेवा करना और विकास के लिए काम. हमारा लक्ष्य है। उन्होंनो कहा की जिन गांवो में राजीव सागर परियोजना से सिंचाई नही होती उन गांवो तक सिंचाई के लिए बावनथडी में स्टाफ डेम बनाकर सिंचाई की व्यस्यथा की जाएंगी जिसके लिए हमारे द्वारा जलसंसाधन विभाग एंव कृषि विभाग के अधिकारीयो से बैठक की गई। इस अवसर पर कार्यक्रम प्रमुख रूप से विधायक गौरव सिंह पारधी, राजेन्द्र देशमुख वरिष्ठ भाजपा नेता, ज्ञानेश राहगंडाले भाजपा मंडल अध्यक्ष, पुष्पेंद्र देशमुख सरपंच संघ अध्यक्ष, सुनिता मानसिंह बहेटवार जिप.सदस्य, डेविड मेश्राम सरपंच कटोरी, गंगाराम डहरवाल सरपंच टूईयापार, श्रीमती अरूणा बाई गजभिऐ पूर्व जिलापंचायत सदस्य, अनिल कुर्वे पूर्व भाजप महामंत्री, देवेंद्र लिल्हारे.पूर्व सरपंच भंडारबोडी, भाजपा मंडल अध्यक्ष मिरगपुर दिपेश्वरी लिल्हारे, विश्वेश्वर सोनेवाने महामंत्री, दुर्गेश पारधी सरपंच मोहगांवघाट, कौशल नाथ तुरकर सरपंच चिचिलो, किन्ही सरपंच सुरेंद्र उपवंशी, भौरगढ सरपंच देवेंद्र बारेवार, टेमनी सरपंच नकूल लिल्हारे, पूर्व सरपंच लिलाला फिरोज ठाकरे, अभिषेक सेलोकर, युवराज बघेले, सेवकराम भगत अर्पित ठाकरे, रूपेश धुवारे, राजकुमार पारधी सहित अन्य मौजूद रहे । सड़क भूमिपूजन कार्यक्रंम में पहुंचे हुए सभी अथितीयो व जनप्रतिनीधियो का लोक निर्माण विभाग के द्वारा अभार व्यक्त किया गया।

# मां तुझे प्रणाम योजना में पीजी कॉलेज की 5 छात्राओं ने राजस्थान बॉर्डर का शैक्षणिक भ्रमण किया

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालाघाट की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की 5 स्वंसेवक कुमारी पुनम गौंधरे, श्रद्धा नगपुरे, प्रगति शिंदे, सेजल नागेश्वर, रिद्धि गायधने को मध्य प्रदेश शासन द्वारा संचालित मां तुझे प्रणाम योजना के तहत राजस्थान बॉर्डर का भ्रमण कराया गया है। जिसमें भ्रमण के दौरान तनोट माता मंदिर और लोंगेवाला बॉर्डर का विशेष शैक्षणिक एवं धार्मिक भ्रमण कराया गया।

इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारत - पाकिस्तान सीमा की सुरक्षा व्यवस्था, ऐतिहासिक युद्ध स्थल लोंगेवाला की महत्वता तथा तनोट मंदिर से जुड़े चमत्कारिक इतिहास से अवगत कराना था।

विद्यार्थियों ने तनोट माता मंदिर मैं पूजा अर्चना की और वहां तैनात बीएसएफ जवानों से मंदिर से जुड़े 1965 व 1971 के युद्ध के ऐतिहासिक किस्से सुने। इसके बाद छात्रों ने भारत-पाक सीमा से सटे लोंगेवाला बॉर्डर का भ्रमण किया जहां उन्हें 1971 के भारत पाक युद्ध के वास्तविक मैदान टैंक टॉप और युद्ध स्मारक दिखाए गए।

छात्रों को इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक मराठे, महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी बालिका इकाई डॉ. रचना कोरी, प्रो. सुखचंद येड़े कार्यक्रम अधिकारी बालक ईकाई एवं महाविद्यालय परिसर सहित, माता पिता एवं मित्र मंडली द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

## संभागीय अधिकारियों ने जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत कार्यालय का किया निरीक्षण

**बालाघाट।** कार्यालय जबलपुर संभाग जबलपुर से राजस्व निरीक्षण रोस्टर अनुसार दिनांक 21 एवं 22 नवम्बर 2025 को श्री शिव प्रसाद, उप संचालक विधि एवं श्री सुनील लाहोरिया, एडीईओ द्वारा जिला पंचायत बालाघाट एवं जनपद पंचायत बालाघाट का निरीक्षण किया गया। संभागीय अधिकारियों के दल द्वारा निरीक्षण के दौरान कार्यालयों में संधारित आवक, जावक पंजी, अवकाश रजिस्टर, शासन निर्देशो की गार्ड फाईल, रोकड बही, पदस्थ अधिकारी/कर्मचारियों की सेवा पुस्तिका आदि का अवलोकन किया गया एवं आवश्यक सुधार/अद्यतन किये जाने संबध निर्देशित किया गया। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओ जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, पीएम पोषण कार्यक्रम, मनरेगा, डे-अजीविका मिशन, निर्माण शाखा आदि की प्रगति की जानकारी ली जाकर शाखा प्रभारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किये गये।